● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 181, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 11 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



यूपी में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगी : योगी 5

राजस्थान के कोच बन सकते है द्रविड़ 6

## सरकार बहनों के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित किये 1897 करोड़ रूपये

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। सरकार बहनों के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। बहनों को स्थानीय निकायों के निर्वाचन में 50% आरक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकसभा और विधानसभा में भी बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया। शनिवार को श्योपुर जिले के विजयपुर से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1897 करोड़ रूपये की राशि के सिंगल क्लिक से अंतरित की गई है। इसमें लाड़ली बहना योजना राशि के 1250 रूपये के अतिरिक्त 250 रूपये की राशि मुख्यमंत्री भैया का रक्षाबंधन के अवसर पर



लाड़ली बहनों को उपहार है। साथ ही उज्ज्वला योजना अंतर्गत बहनों को 52 करोड़ रुपए की अनुदान राशि भी अंतरित की गई है। स्व-सहायता समूह की बहनों को 10 हजार 300 करोड़ की ऋण राशि विभिन्न स्व-रोजगार गतिविधियों के लिए वितरित की गई है। यह बहनें विभिन्न प्रकार के उत्पाद निर्मित कर आत्म-निर्भर बन रही है और रिकॉर्ड बना रही है। आज विजयपुर में बहनों का कुंभ आयोजित हुआ है। पूरे प्रदेश में आज 25 हजार स्थानों पर कार्यक्रम हो रहे हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बहनें मौजूद रहीं। यह नारी सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को श्योपुर जिले के विजयपुर में स्व-सहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 344 करोड़ रूपये के 158 कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। साथ ही बहनों को लाड़ली लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरित किये गये। उन्होंने श्योपुर जिले की वीरपुर और कराहल तहसीलों को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की और क्षेत्र विकास के लिए अनेक सौगातें दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता-बहनें घर की रौनक, आनंद और मर्यादा होती हैं। राखी-धागे का संबंध सारे रिश्तों से बड़ा है। सावन के महीने में रक्षाबंधन का त्यौहार, त्यौहारों का राजा है। त्यौहारों को सामूहिकता में मनाने का आनंद ही कुछ और है। आज पूरा मध्यप्रदेश एक साथ त्यौहार मना रहा है। रक्षाबंधन के दिन जब 19 अगस्त को बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक करेंगी तो ऐसा लगेगा जैसे मध्यप्रदेश के भाल पर तिलक हो गया हो। इससे प्रदेश का मस्तक गौरव से ऊँचा हो जाएगा। उन्होंने कहा के प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। पहले मध्यप्रदेश का बजट मात्र 20 हजार करोड़ हुआ करता था जो अब बढ़कर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए हो गया है, अगले 5 सालों में यह 7 लाख करोड़ हो जाएगा।

## सरकार आपदा से प्रभावित लोगों की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेगी : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल के वायनाड के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री भूस्खलन प्रभावित वायनाड में हालात का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने भूस्खलन प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे भी किया।

वायनाड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने एक आपदा को बहुत करीब से देखा और अनुभव किया है। लगभग 45-47 साल पहले गुजरात के मोरबी में भारी बारिश से एक बांध पूरी तरह नष्ट हो गया था। पानी मोरबी शहर में घुस गया। पूरे शहर में 10-12 फीट पानी था। 2,500 से ज्यादा लोग मारे गए। मैं वहां एक स्वयंसेवक के रूप में करीब छह महीने तक रहा। मैं इन परिस्थितियों को भली-भांति समझता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि देश और भारत सरकार आपदा से प्रभावित लोगों की मदद में कोई



कसर नहीं छोड़ेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब घटना हुई तो सुबह मैंने सीएम पिनाराई विजयन से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि हम सहायता प्रदान करेंगे। जितनी जल्दी हो सके घटनास्थल पर पहुंचने का प्रयास करेंगे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, पुलिस , डॉक्टर और सभी ने पीड़ितों की जल्द से जल्द मदद करने की कोशिश की। मैं मृतकों के परिवारों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे अकेले नहीं हैं। हम सभी उनके साथ खड़े हैं। केंद्र सरकार केरल सरकार के साथ खड़ी है। हम सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी काम बजट की कमी के कारण रुके नहीं।

वायनाड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि जब से मुझे घटना के बारे में जानकारी मिली है, तब से मैं भूस्खलन के बारे में लगातार अपडेट ले रहा हूं।

## एमव्हीए सरकार में मुझे जेल भेजने की कोशिश हुई : फडणवीस

### अधिकारियों को कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था, पूर्व पुलिस कमिश्नर के दावे पर बयान दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को आरोप लगाया कि एमव्हीए सरकार के दौरान उन्हें और कुछ अन्य भाजपा नेताओं को झूठे मामलों में फंसाना चाहती थी। मुझे जेल भेजने के लिए कुछ अधिकारियों को ठेका दिया गया था। वे इसमें नाकाम रहें क्योंकि कई अच्छे अधिकारियों ने उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने से मना कर दिया था।

फडणवीस नागपुर में मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के अनिल देशमुख पर लगाए



आरोपों पर सवाल का जवाब दे रहे थे। परमबीर सिंह ने 9 अगस्त को एक टीवी इंटरव्यू में आरोप लगाए थे कि राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने उन पर कुछ भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने के लिए दबाव डाला था। फडणवीस ने कहा- उन्होंने (परमबीर सिंह) जो कहा वह पूरी तरह सच है। उन्होंने सिर्फ एक घटना के बारे में बताया है, लेकिन मुझे 4 बार झूठे मामलों में गिरफ्तार करने की साजिश रची गई। हमने सीबीआई को इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी दी है। आज भी हमारे पास बहुत से वीडियो हैं। डिप्टी सीएम ने दावा किया कि एमव्हीए सरकार ने मुझे, गिरीश महाजन, प्रवीण दारकर सहित नेताओं को फंसाने के लिए अधिकारियों को सुपारी दी थी।

## गाजा में स्कूल पर इजराइली हमला, 100 लोगों की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा के दाराज जिले में एक स्कूल पर शनिवार सुबह हमला हुआ। इसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अलजजीरा के मुताबिक मरने वालों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। इस स्कूल में कई लोगों ने शरण ले रखी थी। सुबह की नमाज पढ़ने के दौरान यह हमला हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक के बाद एक 3 रॉकेट स्कूल पर गिरे। इससे वहां आग लग गई। इजराइली सेना का दावा है कि अल-तबीन स्कूल का इस्तेमाल हमास ऑफिस के तौर पर किया जा रहा था।

## संसद के जरिए क्रीमी लेयर फैसले को कर देना चाहिए था रद्द : खरगे

**नई दिल्ली।** आरक्षण के मुद्दे पर देश में जारी रार के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है। खरगे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, क्रीमी लेयर लाकर आप किसे लाभ पहुंचाना चाहते हैं? क्रीमी लेयर (अवधारणा) लाकर आप एक तरफ अछूतों को नकार रहे हैं और उन लोगों को दे रहे हैं जिन्होंने हजारों सालों से विशेषाधिकारों का आनंद लिया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि सात न्यायाधीशों की तरफ से उठाया गया क्रीमी लेयर का मुद्दा दर्शाता है कि उन्होंने एससी और एसटी के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा



है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने 6:1 बहुमत के फैसले में फैसला सुनाया था कि राज्य सरकारों को अनुभवजन्य आंकड़ों के आधार पर एससी सूची के भीतर समुदायों को उप-वर्गीकृत करने की अनुमति है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।

वहीं मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, जब तक छुआ-छूत रहेगी, तब तक आरक्षण होना चाहिए और रहेगा। हम इसके लिए लड़ेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर आरक्षण खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों का निजीकरण कर दिया है और बहुत सारी रिक्तियां हैं, लेकिन वे भर्ती नहीं कर रहे हैं।

## त्योहार पर एक्सप्रेस ट्रेनों में लंबी वेटिंग, वंदे भारत और शताब्दी खाली

**भोपाल।** त्योहार से पहले की तिथियों की कई ट्रेनों में आरक्षण कराने पर अभी से प्रतीक्षा सूची का टिकट मिल रहा है। रक्षाबंधन पर भोपाल की ओर आने वाली कुछ ट्रेनों में आरक्षित सीटों की प्रतीक्षा सूची सौ का आंकड़ा पार कर गई है। वहीं, छठ पूजा और दीपावली पर घर जाने के लिए भी यात्रियों से अभी से आरक्षण करा लिया है। ऐसे में रक्षाबंधन से पहले ही यात्रियों का सबसे अधिक दबाव दिल्ली, मुंबई, नागपुर की ओर भोपाल से जाने वाली ट्रेनों पर है।

## राज्यसभा के सभापति और विपक्षी सदस्यों के बीच अनबन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति और विपक्षी सदस्यों के बीच अनबन 10 अगस्त को टकराव में बदल गई। नौबत इस हद तक पहुंच गई कि विपक्षी दलों ने सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने की तैयारी कर ली है। प्रस्ताव औपचारिक रूप से आता है तो संसदीय इतिहास में पहली बार होगा कि उपराष्ट्रपति को हटाने की पहल विपक्ष कर रहा होगा।

सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा में सपा सांसद जया अमिताभ बच्चन और जगदीप धनखड़ के बीच हुई बहस के बाद माहौल बिगड़ गया। राज्यसभा के 87 सदस्यों ने आनन-फानन में उपराष्ट्रपति को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए। कांग्रेस के एक राज्यसभा सदस्य के मुताबिक, 'प्रस्ताव पर कांग्रेस के 4-5 सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। इंडिया ब्लॉक के राज्यसभा में 87 सदस्य हैं। संभव है कि बाहर के सदस्यों ने भी हस्ताक्षर किए हैं।'

बताया जाता है कि दो दिन पहले सदन के नेता जेपी नड्डा को भी अनौपचारिक रूप से बता दिया गया था कि विपक्ष धनखड़ को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है। दरअसल, धनखड़ और विपक्ष के बीच लंबे समय से तकरार चल रही है।

## बांग्लादेश में चुनाव होने तक भारत में रहेंगी हसीना

### बेटे वाजेद ने कहा- किसी देश में शरण नहीं लेंगे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे जॉय वाजेद ने कहा है कि उनकी मा बांग्लादेश में चुनावों का एलान होने तक भारत में ही रहेंगी। वाजेद ने कहा कि केयरटेकर सरकार जब चुनाव कराने की घोषणा करेगी, तब वे बांग्लादेश लौटेंगी। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया है कि वे फिर से चुनाव लड़ेंगी या नहीं। इसके साथ ही जॉय ने कहा कि शेख हसीना का किसी भी देश में शरण लेने का कोई इरादा नहीं है। वे भारत में ही रहेंगी। इसके साथ ही कहा कि मां की जान बचाने के लिए प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, उन्होंने बेहद कम समय में उन्हें भारत आने की इजाजत दी, वर्ना बांग्लादेश में उनकी हत्या हो सकती थी।

जॉय ने कहा कि देशभर में अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले के बाद उनका नजरिया बदल गया है। यह मां का आखिरी कार्यकाल था। वे अगला चुनाव नहीं लड़तीं। मेरा भी राजनीति में आने का कोई मन नहीं था। लेकिन, पिछले दिनों जो कुछ हुआ, उससे पता चलता है कि देश के नेतृत्व में एक खालीपन आ गया है। देश के लोगों और पार्टी के कार्यकर्ताओं की खातिर मुझे राजनीति में उतरना होगा। जॉय ने कहा अवामी लीग अगले चुनाव में हिस्सा लेगी और उन्हें पूरा यकीन है कि वे चुनाव जीतेंगे। जॉय ने कहा, अवामी लीग बांग्लादेश की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी पार्टी है। जॉय ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर बांग्लादेश में हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। जॉय ने कहा कि उन्हें ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे यह साफ हो जाता है कि अराजकता के पीछे आईएसआई का हाथ है। इसकी पूरी प्लानिंग की गई थी।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने और लगातार हो रही हिंसा के बाद भारत सरकार ने बड़ी पहल की है। बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की खबर के बाद गृह मंत्रालय ने एक कमेटी का गठन किया है।

## अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़, 2 जवान शहीद, 3 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार (10 अगस्त) को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए। 3 जवान जख्मी हैं। इसके अलावा फायरिंग में 2 नागरिक भी घायल हो गए हैं। एनकाउंटर दोपहर 2 बजे से जारी है। माना जा रहा है कि आतंकी डोडा से अनंतनाग के इलाके में घुसे थे। ऑपरेशन जिले के कोकेरनाग टाउन में चल रहा है। पुलिस अधिकारियों को आतंकवादियों के छिपे होने का इनपुट मिला था। इसके बाद पुलिस और सिक्योरिटी फोर्सेज की ज्वाइंट टीम सर्च ऑपरेशन में लग गई। इसी दौरान आतंकियों ने हमला कर दिया। इलाके में दो से तीन आतंकी होने की आशंका है। पिछले एक साल में कोकेरनाग में यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले सितंबर 2023 में कोकेरनाग जंगल में आतंकवादियों के साथ एनकाउंटर में तीन जवान शहीद हुए थे। शुक्रवार, 9 अगस्त को पुलिस ने 4 आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे। इन्हें आखिरी बार कठुआ जिले के मल्हार, बानी और सोजधर के ढोक में देखा गया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने की पास्को एक्ट मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शनिवार (10 अगस्त) को पास्को एक्ट के एक मामले में सुनवाई की। जस्टिस जयराम भंभानी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत पेनिट्रेटिव यौन हमले और गंभीर पेनेट्रेटिव यौन हमला (जबरन किसी चीज से बच्चों के निजी अंगों से छेड़छाड़) केस महिलाओं के खिलाफ भी चलाया जा सकता है। ऐसे मामलों में जेंडर कोई ढाल नहीं हैं। कोर्ट की टिप्पणी एक महिला की दाखिल याचिका पर आई है। उसका तर्क है कि पास्को एक्ट की धारा 3 में पेनिट्रेटिव यौन हमला और धारा 5 में गंभीर पेनिट्रेटिव यौन हमला का केस किसी महिला पर दर्ज नहीं हो सकता। क्योंकि इनकी डेफिनेशन से पता चलता है कि इसमें केवल सर्वनाम वह का उपयोग किया गया है। जो कि पुरुष को दर्शाता है, महिला को नहीं।

## शेख हसीना के बाद बांग्लादेश में चीफ जस्टिस का इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश में 5 अगस्त को शेख हसीना के इस्तीफे के बाद आज सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन ने भी इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी छात्रों ने शनिवार सुबह सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया था।

प्रदर्शनकारी बड़ी तादाद में वहां इकट्ठा हुए थे। छात्रों ने कहा, अगर जजों ने इस्तीफे नहीं दिए तो हसीना की तरह उन्हें भी कुर्सी से खींचकर उतार देंगे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाए थे कि सुप्रीम कोर्ट के जज हसीना से मिले हुए हैं। इन जजों ने अंतरिम सरकार से पूछे बिना ही शनिवार को पूरी कोर्ट की एक बैठक बुलाई। इस मीटिंग के चलते प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे के भीतर जजों से इस्तीफा देने की मांग की। चीफ जस्टिस के इस्तीफे के बाद 5 और जज अपना पद छोड़ सकते हैं। वहीं प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि जब तक सभी 6 जज इस्तीफा नहीं देते, वे सड़कें खाली नहीं करेंगे। वहीं, बांग्लादेश में हसीना के इस्तीफे के बाद से हिंसा, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनके खिलाफ शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच ने ढाका में प्रदर्शन किया। बांग्ला अखबार ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक शाहबाग चौक पर हजारों लोग जमा हुए और हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने हरे कृष्णा-हरे रामा के नारे भी लगाए।

ढाका में प्रदर्शनकारी ने कहा कि दिनाजपुर में चार हिंदू गांवों को जला दिया गया है। लोग बेसहारा हो गए हैं, छिप-छिपकर रहने को मजबूर हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से ही हिंदू समुदाय पर हमले बढ़ गए हैं।

## छात्रों को जोड़ने एनएसयूआई चलाएगी कैंपस अभियान

### चार मुद्दों को उठाने की तैयारी, पटवारी सीएम को लिखेंगे चिट्ठी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एनएसयूआई कैंपस अभियान शुरु करने जा रही है। जिसकी रणनीति बनाने के लिए शनिवार को राजधानी भोपाल में हस्ड्ढ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक भोपाल स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव महावीर गुर्जर और राष्ट्रीय सचिव ऋतु बराला, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी बैठक में शामिल हुए। छात्रों को एनएसयूआई से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। कैंपस चलो अभियान के तहत छात्रों को एनएसयूआई में जोड़ा जाएगा एनएसयूआई आगे की लड़ाई लड़ने की योजना बनाई है। छात्र संघ चुनाव, पेपर लीक, छात्रवृति में कटौती का मामला और नई शिक्षा नीति के मुद्दे को जोर देने की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एनएसयूआई का कैंपस




चलो अभियान लांच किया गया। जिसके तहत भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारी प्रदेश भर में हर कॉलेज केंपस में जायेंगे और भाजपा सरकार में व्याप्त छात्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुये उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे।

पटवारी ने कहा कि एनएसयूआई ने आज प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर मोहन यादव सरकार को नींद से जगाने के लिए एक मांग पत्र जारी किया है, जिसमें पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाने, छात्रवृति पर लोकसेवा गारंटी, सबको शिक्षा-सबको प्रवेश और छात्रसंघ के चुनाव कराये जाना प्रमुख है। श्री पटवारी ने कहा कि पेपर लीक मामले में दोषियों को 20 वर्ष की सजा व 10 करोड़ रूपये का जुर्माना किया जाए जो समस्त परीक्षाओं पर लागू हो और जिम्मेदारों की बर्खास्तगी व संस्थान की मान्यता निरस्त की जाये।

पटवारी ने कहा कि सीधी में छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर सात आदिवासी बच्चियों के साथ रेप की घटना हुई। वह यह दिखाता है कि इस घटना के दोषी बलात्कारियों के साथ-साथ समय पर छात्रवृत्ति वितरण न करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार भी है। समय पर छात्रवृति न मिलने के कितने विनाशकारी परिणाम देखने को मिले है। ऐसी घटनाएं दोबारा न हो इसलिए छात्रवृत्ति को लोकसेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया जाना चाहिए, वहीं फर्जी छात्रवृत्ति लेने वाले संस्थानों पर 50 करोड़ रूपये का जुर्माना व जेल भेजा जाये, समय पर छात्रवृत्ति न देने वाले अधिकारियों के वेतन रोकना चाहिए। 3 लाख से कम आय वाले समस्त छात्रों को छात्रवृत्ति मिले।

पटवारी ने आगे बताया कि एनएसयूआई ने सरकार से मांग की है कि सबको शिक्षा और संस्थानों में सबको प्रवेश दिया जाए, जिसके तहत नये पाठ्यक्रम के साथ सीट वृद्धि की जाये, एनईपी के अनुरूप पसंदीदा विषय लेने की छूट प्रदान की जाये। हमारी सरकार ने शिक्षा का मौलिक अधिकार दिया हैं। रोजगार मूलक सिलेबस, इसी सत्र में अजा-अजजा वर्ग की हास्टल की संख्या दोगुनी की जाये, 100 महिला और 50 ईडब्ल्युएस छात्रावास खोले जाये और प्राध्यापकों के रिक्त पदों को भरा जाए।

# सिंगरौली जिले की 2 लाख से अधिक लाड़ली बहना हुई लाभान्वित

## स्व सहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम का अटल समुदायिक भवन बिलौजी में हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना के 1.29 करोड़ बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1857 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के लिए बहनों के खाते में 250 रुपए की राशि प्रत्येक लाड़ली बहना के लिए भी जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से उज्वला योजना की 40 लाख बहनों को 52 करोड़ रुपए का अनुदान तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। प्रदेश भर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसमें करोड़ों बहनें शामिल हुई। वही सिंगरौली जिले की 2 लाख से अधिक लाडली बहने लाभान्वित हुई। वही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 57 हजार 116 लाभार्थी हुयें लाभान्वित।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी सामुदायिक भवन में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ साथ प्रारंभ हुआ। तथा लाडली बहनो के द्वारा मंचासीन अतिथियों को राखी बाधी गई। उपस्थित लाडली बहनो को विधायक सिंगरौली एवं विधायक देवसर के द्वारा अपने अपने उद्बोधनो में जहा सुभाकमना दी गई। वही प्रदेश सरकार के द्वारा लाडली बहनो को दिये जाने वाले लाभ के संबंध में अवगत कराया गया। समारोह में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बहनों को संबोधित करते हुए डॉ यादव ने कहा कि भाई और बहन का रिश्ता बहुत पवित्र होता है। रक्षाबंधन का धागा भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। माता और बहनों के आशीर्वाद से ही घर-परिवार सुखी बनता है। हमारे देश में हर त्यौहार सार्वजनिक उत्सव के रूप में मनाए जाते हैं। इससे त्यौहारों का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। प्रदेश भर में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर लाड़ली बहना हितग्राहियों का मुझे आशीर्वाद मिल रहा है।

आज रक्षाबंधन से पहले ही बहनों के अपार स्नेह का पर्व रक्षाबंधन साकार हो गया है। जब 19 अगस्त को रक्षाबंधन में बहनें अपने भाईयों को राखी बांधकर तिलक करेंगी तो मेरी सरकार को भी मेरा स्नेह और आशीर्वाद मिल जाएगा। लाड़ली बहना योजना की 1250 रुपए की राशि के साथ आज बहनों को 250 रुपए रक्षाबंधन के लिए दिए जा रहे हैं। यह छोटी सी राशि महिला सशक्तिकरण का बड़ा प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा तिरंगा हमारी शान है। प्रदेश भर में 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय गौरव, सम्मान और देश की शान का प्रतीक तिरंगे को हर व्यक्ति अपने घर में लहराये और आजादी का पर्व मनायें। यह पर्व होली और दीवाली से भी बड़ा त्यौहार है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी राजेश गुप्ता, डीएसओं पी.सी चन्द्रवंशी, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित जिला के अन्य अधिकारी एवं बड़ी तादात में लाडली बहना उपस्थित रही।

# हर घर तिरंगा यात्रा हमारे राष्ट्र भाव को प्रदर्शित करता है: रणबीर



**सिंगरौली।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व होने वाले सांगठनिक कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन सम्पन्न हुआ। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने मीडिया से आये पत्रकारों का अभिनंदन किया तथा आगामी कार्यक्रमों के विषयों पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला।जिसमें उन्होंने 11 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक के कार्यक्रमों की क्रमवार रूप रेखा प्रस्तुत की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग के प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से देश में तिरंगा लहराने का एक नियम और समय नियत था तथा हर स्थान पर तिरंगा नही लहराया जा सकता था किंतु अब ऐसा नहीं है हमारी सरकार द्वारा नई नियमावली निर्धारित की गई है जिसके अनुसार हर? व्यक्ति अपने घर पर तिरंगा लहरा सकता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सिंगरौली जिले में हर? तिरंगा अभियान के लिए जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह इस अभियान के प्रभारी होंगे तथा हर घर तिरंगा अभियान युवा मोर्चा की अगुवाई में चलाया जाएगा। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में हमारा तिरंगा एक अलग पहचान बना चुका है तथा आज हर भारतीय को तिरंगा लहराने का जो अवसर प्राप्त है उससे वो स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है तथा उसके अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है। एक सप्ताह का ये अभियान 11 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता होगी। 11,12 एवं 13 अगस्त को क्रमश: तीनो विधानसभाओं में ये अभियान चलेगा तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के कार्यक्रम का आयोजन होगा। 1947 में विभाजन के पश्चात जो डेढ़ करोड़ परिवार विस्थापित हुए तथा 6 लाख लोग मारे गये ये आज के युवाओं की जानकारी में नहीं है। विभाजन त्रासदी से अवगत कराने के लिये ये विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का पार्टी ने निर्णय लिया है। इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता घर घर जाकर तिरंगा वितरण करेंगे तथा पार्टी के प्रत्येक जनप्रतिनिधि इस अभियान में हिस्सा लेंगे। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा प्रभारी सुंदरलाल शाह, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार, सह मीडिया प्रभारी राज कुमार कुशवाहा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# गढ़वा पुलिस ने हत्या के आरोपी को 12 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरकहरिया में जमीनी विवाद को लेकर हत्या हो गई थी जहां गढ़वा पुलिस ने 12 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली की बीते 9 अगस्त को ग्राम तर्कहरिया में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई है जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। हत्या की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गढवा निरी. अनिल कुमार पटेल के द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता व अति. पु.अ. शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी आशीष जैन को घटना की सूचना से अवगत कराकर पुलिस बल के साथ घटना स्थल ग्राम तर्कहरिया पहुच कर पी.एम. पंचनामा कार्यवाही पूर्ण किये एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में आरोपी को पकडने हेतु टीम गठित कर रवाना किये जो घटना के 12 घंटे के अन्दर आरोपी छोटेलाल उर्फ छोटन बैगा को उत्तर प्रदेश बार्डर से पकडा गया।आरोपी छोटेलाल बैगा मृतक सूरजलाल बैगा से रास्ता निकालने के लिए जमीन मांगता था जो मृतक सूरजलाल जमीन देने से मना कर रहा था एवं आये दिन गाली गलौज करता रहता था कल दिनांक 09-08-2024 को करीब दो ढाई बजे दिन के समय आरोपी छोटेलाल बैगा मृतक सूरजलाल बैगा से मिला और मृतक से रास्ता के लिए जमीन मांगी जो मृतक जमीन देने से मना किया और दोनों में गाली गलौज होने लगी तो आरोपी छोटेलाल बैगा, लाल प्रताप बैगा के घर में रखी लडकी के गठ्?ठा से लाठी निकाल कर मृतक के सिर में दो तीन बार मारा और उसे उठा कर जमीन में पटक दिया और अपने पैर का घुटना मृतक के गले में रख कर दबा दिया जिससे मृतक सूरजलाल बैगा की मृत्यु हो। उक्त कार्यवाही मे निरी अनिल कुमार पटेल, सउनि रामचरण सतनामी, प्रआर. गरूण प्रसाद आर. महफूज खान, अजीत उपाध्याय, अमित यादव, व जयप्रकाश पाल की भूमिका रही।

# भारतीय न्याय संहिता एवं साइबर क्राइम के संबंध में जागरूकता संगोष्ठी की गई आयोजित

**सिंगरौली।** सूचना एवं संचार प्रौदयोगिकी आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गया है, इसने हमारे जीवन मे दोस्तो के साथ जुडने, नौकरी खोजने, जीवन साथी खोजने, व्यवसाय चलाने, खेल खेलने, शापिंग करने इत्यादि के तरीके बदल दिया है, अब हर किसी की पहुंच सायबर स्पेस तक हो गई है, जो दुनिया भर मे लगभग करोडो आनलाईन उपयोगकर्ताओ को जोडता है साइबर स्पेस के बढते उपयोग ने हमे साइबर क्राइम की ओर धकेल दिया है, हमारे द्वारा डिजटल जीवन के प्रबंधन में मामूली चूक व लापरवाही साइबर अपराधियों के लिये दरवाजे खोल सकती है, और इससे हमे वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा का नुकसान एवं मानसिक उत्पीडन हो सकता है, जिसमे बेहद सतर्कता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज इस डिजिटल दुनिया मे कितने लोग प्रतिदिन साइबर क्राइम के अपराधियों का शिकार हो रहे है, इसी ज्वलंत बिषय पर आज दिनांक 10-08-2024 को आफिसर क्लब नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड अमलोरी क्षेत्र मे भारतीय न्याय संहिता एवं साइबर क्राइम के संबंध में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता जिला



सिंगरौली , थाना प्रभारी नवानगर डॉ0 ज्ञानेन्द्र सिंह एवं एनसीएल अमलोरी के महा प्रबंधक आलोक कुमार, गौरव बाजपेयी, स्टाफ अधिकारी, प्रधान टुडू स्टाफ अधिकारी, संतराम क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, डी पी पटेल जेसीसी सदस्य, निरंजन सिंह जेसीसी सदस्य, रवि विष्वकर्मा जेसीसी सदस्य, आर पी सिंह सुरक्षा अधिकारी सहित एनसीएल अमलोरी के लगभग 50 अधिकारी/कर्मचरी एवं डीएव्ही स्कूल अमलोरी एवं सरास्वती शिशु मंदिर अमलोरी के हाई स्कूल के लगभग 50 बच्चे उपस्थित रहे। उक्त साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम मे पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे प्रचलित साइबर क्राइम साइबर अपराधियो द्वारा वाइस चेन्जर अप्लीकेशन का उपयोग, ई-केवाईसी, डिजिटल आरेस्ट, साइबर आरेस्ट, एयरपोर्ट मे फर्जी पार्सल बताकर ठगी करना, क्रेडिट कार्ड रिवार्ड प्वाइंट, मूवी रेटिंग देकर पैसे कमाना, एटीएम ब्लाक, बिजली बिल होल्ड, वर्कफ्राम होम जाब, पेटीएम फ्राड, न्यूड व्हाटसअप काल, ओटीपी शेयर करना, फोटो मार्फ ब्लैक मेल, आदि के बारे में विस्तार से लोगो को जानकारी दी गई, साइबर क्राइम से जुडे हुये हेल्पलाईन नम्बर 1930 एवं मेल के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही नये कानून मे क्या जुडा है, क्या हटाया गया है, इस सम्बध मे विस्तार से बताया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा बताया गया कि साइबर क्राइम से सम्बधित जागरूकता कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले मे थाना स्तर पर जगह-जगह आयोजित किये जायेगे।

# अमरहवा गांव के खेत में घुसा मगरमच्छ, सोन घड़ियाल की टीम ने किया रेस्क्यू



**सिंगरौली।** विकासखंड चितरंगी के घोघरा पंचायत अंतर्गत अमरहवा गांव में विशालकाय मगरमच्छ दिखने से हड़कंप मच गया। गांव के पास ही बहने वाली सोन नदी से निकलकर यह मगरमच्छ गांव के खेतों तक पहुंच गया था। फौरन इसकी सूचना सोन घड़ियाल अभ्यारण के कर्मचारियों को दी गई जहां मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर मगरमच्छ को वापस सोन नदी में छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार अमरहवा गांव निवासी रामबहोर बैस पिता रामसजीवन बैस के खेत से लगें तालाब में मगरमच्छ घुस गया। तालाब में किसान ने मछली पालन किया था जहां तालाब की कुछ मछलियों को अपना शिकार बनाने की आसंका है,वही संबंधित विभाग को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई जहां मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए रेंजर सोन घड़ियाल रणमत सिंह एवं डिप्टी रेंजर राम प्रताप सिंह के साथ वन रक्षकों की टीम सुबह 9 बजे मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सी के सहारे बांधकर बोरे में बंद कर लिया और मगरमच्छ को सुरक्षित सोन नदी में छोड़ दिया. ग्रामीणों ने बताया कि यह मगरमच्छ सोन नदी से निकलकर यहां तक आ पहुंचा था. बरसात के दिनों ने मगरमच्छ रिहाइशी इलाकों में आ जाते हैं. मगरमच्छ को रेस्क्यू करने में वन रक्षक शुभम सिंह,पंकज विश्वकर्मा एवं सुरक्षाकर्मी लक्ष्मण पनिका,राजनाथ केवट तथा सहयोगी योगेंद्र प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उमंग एवं उत्साह के साथ लाडली बहनो ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

**सिंगरौली।** हर घर तिरंगा अभियान के जन जागरूकता हेतु लाडली बहनो के द्वारा बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर रैली निकालकर आम जन मानस को जन जागरूक किया गया। विदित हो कि शायं 5 बजे अटल सामुदायिक भवन बिलौजी से सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के गरिमामय उपस्थिति में लाडली बहनो की रैली प्रारंभ हुई।

# तिरंगा रैली के साथ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री मप्र शासन मोहन यादव के निर्देशन में राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न जिला सिंगरौली में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रुप से तिरंगा रैली निकाली गई।

मुख्यमंत्री म.प्र. शासन मोहन यादव के निर्देशन में जनप्रतिनिधि रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली, श्रीमती रानी अग्रवाल महापौर सिंगरौली, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला पंचायत अधिकारी नागेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा , जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला , नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल , अभय सिंह एवं अन्य अधिकारी गण की उपस्थिति में राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न जिला सिंगरौली में संयुक्त रुप से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न विद्यालयो से हजारो की संख्या में छात्र - छात्राएं, शिक्षक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। रैली को राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम से हरी झंडी दिखा कर विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के द्वारा रवाना किया गया एवं स्वयं भी रैली में शामिल होकर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। यह तिरंगा रैली स्टेडियम से प्रारंभ होकर तुलसी मार्ग, अम्बेडकर चौक, थाना रोड होते हुये स्टेडियम में वापस आई। रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारे लगाते हुए जहां जन जन को तिरंगा के प्रति जागरूक किया।

# बेटे की हत्या करने वाला आरोपी पिता 6 घंटे में गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा थाना बैढ़न के धारा 115(2), 103(1) बीएनएस के हत्या के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया, जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर केके पाण्डेय के नेतृत्व मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अशोक सिंह परिहार एवं चौकी प्रभारी खुटार उनि सुधाकर सिंह व टीम को आरोपी की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त हुई। बताया जाता है की आज शनिवार को फरियादी अखिलेश कुमार शाह पिता रामदास शाह उम्र 30 वर्ष निवासी कटौली चौकी खुटार द्वारा अपने पिता रामदास शाह द्वारा छोटे भाई राहुल साहू उम्र 22 वर्ष की घरेलू विवाद के कारण सिर में पीछे से डंडा मारकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस पर थाना बैढ़न में धारा 115(2), 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अशोक सिंह परिहार द्वारा आरोपी पिता रामदास शाह की गिरफ्तारी हेतु चौकी प्रभारी खुटार उनि सुधाकर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई जो पुलिस टीम द्वारा घटना के 6 घंटे के भीतर ही आरोपी पिता रामदास शाह पिता हीरालाल शाह उम्र 49 वर्ष निवासी कटौली थाना बैढ़न जिला सिंगरौली (म.प्र.) को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि आरोपी रामदास शाह कुछ काम धंधा नही करता था काम करने को लेकर अनावश्यक घर में विवाद करता था।

# टाइम कीपर से बने उपयंत्री के 38 लाख के घोटाले की जांच हुई पूरी!

## उपयंत्री को मिला राजनीतिक संरक्षण, 10 प्रतिशत काम कर निकाला पूरा पैसा

**सिंगरौली।** नगर निगम में नौकरी करने के लिए पढ़ाई लिखाई और डिग्री होने से ज्यादा जरूरी है ब्यूरोक्रेसी और पॉलिटिकल जुगाड़. यहां टाइम कीपर को उपयंत्री बनाकर शहर के विकास का जिम्मा दें दिया गया है। टाइम कीपर से बने उपयंत्री ने पाइपलाइन का बिना काम कराएं कमीशन लेकर शिव कंस्ट्रक्शन को 38 लाख का फर्जी भुगतान कर दिया। इस मामले की जांच टीम ने अपना प्रतिवेदन दे दिया है। यह मामला नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे ने उजागर किया था। इस पूरे मामले की नगर निगम करीब दो महीने से जांच कर रहा है लेकिन जांच पूरी होने के बाद भी दोषियों पर अभी तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। इसमें अब नगर निगम के कई अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है.

गौरतलब है कि टाइम कीपर से बने उपयंत्री अनुज सिंह का बड़ा घोटाला नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे ने उजागर किया है। नगर निगम ने शिवाजी परिसर में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए टेंडर 2023 में जारी किए. बाद में पाइपलाइन के निर्माण कार्य हुए बिना ही नगर निगम के उपयंत्री अनुज सिंह और एसडीओ ने कार्यपूर्णता सर्टिफिकेट जारी करने के साथ शिव कंस्ट्रक्शन को राशि भुगतान भी कर दिया. इस मामले को सार्वजनिक करते हुए नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे ने कहा नगर निगम ने बिना काम किए ही ठेकेदार को न सिर्फ कार्यपूर्णता का सर्टिफिकेट जारी कर दिया



बल्कि पूरा पेमेंट भी दे दिया. हालांकि नगर निगम अध्यक्ष के तेवर को देखते हुए नगर निगम प्रशासन एक टीम गठित कर मौके पर न सिर्फ काम देखा बल्कि मूल्यांकन किया जहां मौके पर महज 10 फ़ीसदी काम हुआ पाया गया। सूत्रों का दावा है कि जांच पूरी हो चुकी है जिसमें यह साबित हो चुका की पेयजल पाइप लाइन बिछाने के काम में 38 लाख रुपए का घोटाला हुआ है। मौके पर सिर्फ 10 फीसदी काम कराकर पूरा पैसा निकाल लिया गया है। निकाली गई रकम में अधिकारियों ने बंदर बांट किया है। लेकिन जांच पूरी होने के बाद भी जिम्मेदारों ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है।

नगर निगम सूत्रों की मानें तो शिवाजी कांप्लेक्स में पाइपलाइन बिछाने के काम में गड़बड़ी की आरोप लगने के बाद कमिश्नर ने इस काम की जांच के लिए एक टीम गठित की थी। टीम को जांच के दौरान भारी अनियमितता मिली है। मौके पर बमुश्किल 10 प्रतिशत काम होना पाया गया है। जिसका प्रतिवेदन जांच टीम ने कमिश्नर डीके शर्मा को सौंप दी है। लेकिन भ्रष्टाचार की फाइल में कोई एक्शन नहीं होने पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि इस संबंध में जब कमिश्नर डीके शर्मा के नंबर पर फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन काट दिया

नगर निगम में बिना काम कराए भुगतान का मामला कोई नया नहीं है इसके पहले भी इस तरह के आरोप लगाते रहे हैं। सूत्रों की मानें तो टाइम कीपर से बना उपयंत्री ऊंचा रसूख रखता है। यही वजह है कि टाइम कीपर होते हुए अधिकारियों ने उसे उपयंत्री बनाया हैं। आरोप भले ही साबित हो चुके हैं लेकिन भोपाल स्तर के नेताओं से जुड़े होने के चलते अधिकारी उस पर कार्यवाही करने से कतरा रहें हैं।

### इनका कहना है

*पार्षदों के शिकायत के बाद जांच के निर्देश दिए थे 2 महीने बाद जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है। अब शासन स्तर पर मुख्यमंत्री और मंत्री से शिकायत करेंगे।*

**देवेश पांडे**
**नगर निगम अध्यक्ष**
**सिंगरौली**

# मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के पहले ही लाड़ली बहनों को दिया 2281 करोड़ का उपहार

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने प्रत्येक बहन को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाया है : विधायक

**सीधी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना के 1.29 करोड़ बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1857 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के लिए बहनों के खाते में 250 रुपए की राशि भी प्रत्येक लाड़ली बहना के लिए जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से उज्ज्वला योजना की 40 लाख बहनों को 52 करोड़ रुपए का अनुदान तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। प्रदेश भर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसमें करोड़ों बहनें शामिल हुईं। सीधी में मानस भवन में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, पार्षद शुभा देवी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी संबंधित विभागीय अधिकारी तथा





### मुख्यमंत्री ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को जारी की 1897 करोड़ की राशि

बड़ी संख्या में बहनें इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सदैव बहनों को सशक्त करने का काम किया है। सरकार ने बहनों को और अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर इस संकल्प को पूरा करेंगे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना ने प्रत्येक बहन को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाया है। आज मुख्यमंत्री जी ने रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को योजना अंतर्गत 1250 रूपये की राशि के साथ ही 250 रूपये की अतिरिक्त राशि भी उनके खाते में अंतरित की है। इसने रक्षाबंधन की खुशियों को दोगुना करने का काम किया है। प्रदेश की बहनों को 450 रूपये में गैस रीफिल की सुविधा देने का काम करके मुख्यमंत्री जी ने बहनों की चिंता को दूर किया है। विधायक ने कहा कि बहनों के कल्याण के लिए संचालित सभी योजनायें इसी प्रकार चलती रहेंगी तथा बहनों के चेहरे पर मुस्कान बनाये रखेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि लाडली बहना योजना ने बहनों के सशक्तीकरण का कार्य किया है। आज बहने आत्मनिर्भर हैं, उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए किसी के आगे हाथ फैलाना पड़ता है। जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने बहनों को स्वावलंबी बनाने का काम किया है। योजना के कारण आज बहनें आत्मनिर्भर बनी हैं।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 14 हजार 51 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 25 लाख 32 हजार 150 रूपये की राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के लिए बहनों के खाते में 250 रुपए की राशि भी प्रत्येक लाड़ली बहना के लिए जारी की। सीधी जिले की लाडली बहनों के खाते में कुल 5 करोड़ 35 लाख 12 हजार 750 रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 813 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 909, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 45 हजार 55, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 633 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 574 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये तथा रक्षाबंधन के लिए 250 रुपये अतिरिक्त के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिका सीधी में 6 हजार 270, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 481, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 127 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 189 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये तथा रक्षाबंधन के लिए 250 रुपये अतिरिक्त प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में सीधी जिले के प्रधानमंत्री उज्वला योजना के उपभोक्ताओं एवं गैर पीएम उज्वला योजना में पात्र लाडली बहनों को 75 हजार 935 रिफिल के लिए 67 लाख 61 हजार रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 3 हजार 882 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 23 लाख 29 हजार 200 रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7093, मझौली के 13251, रामपुर नैकिन के 21617, सीधी के 27619 एवं सिहावल के 28402 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2439, मझौली के 1142, चुरहट के 1244 एवं रामपुर नैकिन के 1075 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 53346, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12278, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तजन योजना के 2309, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 730, मंदबुद्धि/ वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1673, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9371, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 282, सामाजिक सुरक्षा पेंशन नि:शक्त पेंशन योजना के 7222, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2248, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 14416 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 7 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

कार्यक्रम में बहनों द्वारा अतिथियों को रक्षासूत्र बांध कर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ माँ के नाम के तहत विधायक श्रीमती पाठक सहित अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया है।

## रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मिले उपहार से खुश हैं नीलू सिंह



**सीधी।** सीधी जिले के नगर पालिक परिषद सीधी अंतर्गत वार्ड 7 की निवासी श्रीमती नीलू सिंह ने इस बार रक्षाबंधन में उपहार स्वरूप 250 रूपए की राशि भेजने के लिए लाडली बहनों के भईया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने हम बहनों के लिए इस योजना को लागू कर बहुत बड़ा सराहनीय काम किया है। भैया मुख्यमंत्री हैं इसलिए हम बहनों को रक्षाबंधन त्यौहार में उपहार स्वरूप 250 रूपए खाता में भेजे हैं जिससे हमारा आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा है। यह योजना महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाई और हमारे जीवन निर्वाह में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना से मिलने वाले रूपयों का उपयोग वह बच्चों की पढ़ाई और घर के खर्चे को पूरा करने में करती हैं। वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति भी सहजता से कर पा रही हैं। अब उन्हें पैसे के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती है। उन्होंने बताया कि हर महीने 1250 रुपए की राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने रक्षाबंधन में 250 रूपए स्वरूप उपहार स्वरूप देने के लिए भैया डॉ मोहन यादव जी को धन्यवाद दिया है।

## तुलसी जयंती पंच दिवसीय समारोह का शुभारंभ आज

**सीधी।** तुलसी जयंती समारोह में तीन मनीषियों जगदीश प्रसाद गौतम , यदुनाथ वर्मा एवं प्रेमचन्द कामदार का सम्मान एवं गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर आज से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। तुलसी जयंती समारोह में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 11 अगस्त से 15 अगस्त तक सायं 6 से 9 के मध्य मानस भवन सीधी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तुलसी जयंती समारोह के संयोजक उदय कमल मिश्र अधिवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वावधान में पंच दिवसीय तुलसी जयंती समारोह का शुभारंभ आज से मानस भवन में किया जायेगा। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में 11 अगस्त रविवार को राष्ट्र चिंतन तुलसी दास और हम पर व्याख्यान के अतिरिक्त सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तीन मनीषियों जगदीश प्रसाद गौतम सेवा निवृत्त शिक्षक जमोड़ी, यदुनाथ वर्मा सेवा निवृत्त शिक्षक सीधी, एवं प्रेमचन्द कामदार समाज सेवी सीधी को सम्मानित किया जावेगा साथ ही विपरीत परिस्थितियों एवं संसाधनों के अभाव में घायल, नवजात गौ वंश की सेवा एवं सहयोग में सदैव तत्पर रहने वाले गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। 12 अगस्त को श्रीराम चरित मानस आधारित अंताक्षरी,गौ वंश के महात्म पर व्याख्यान एवं मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 अगस्त को सावन गीत,लोक गीत, राष्ट्र गीत,भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 14 अगस्त को लोक नृत्य, सामूहिक,एकल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 अगस्त को विशेष प्रस्तुतियों के अतिरिक्त पंच दिवसीय तुलसी जयंती समारोह में सहभागी सभी छात्र छात्राओं एवं अन्य कलाकारों के साथ आयोजन समिति के सम्मानित सदस्यों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा। मिश्र ने यह भी जानकारी दी की तुलसी जयंती समारोह को गरिमामय स्वरूप में आयोजित करने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, न्यायाधीशों ,समाज सेवियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के द्वारा प्रत्येक दिवस अतिथियों ,आगंतुक गणमान्य जनों, गो वंश प्रेमियों, सहभागी छात्र छात्राओं एवं अयोजन समिति के सदस्यों को रामचरित मानस, सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा भेंट की जायेगी, आयोजन समिति के द्वारा गोस्वामी तुलसी दास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमो में शामिल होने के लिए अपेक्षा की गई है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से चिंता हुई दूर

### खुशी-खुशी रक्षाबंधन के त्यौहार में सम्मिलित होंगी श्रीमती सुनीला गुप्ता



**सीधी।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि खाते में आने पर महिलाओं में अपार उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं लाड़ली बहना योजना की राशि निकालने बैंक हर महीने पहुंच रही हैं। नगरपालिका सीधी अंतर्गत वार्ड 01 की निवासी श्रीमती सुनीला गुप्ता इस योजना का लाभ प्राप्त करके बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि यह राशि सही समय पर उनके खाते में आ जाती है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर उपहार स्वरूप 250 रूपए की राशि मिली है। इससे अब घर का बजट नहीं बिगड़ पायेगा। अब लाड़ली बहना योजना की राशि मिलने से उनकी चिंता दूर हो गई। लाड़ली बहना योजना से प्राप्त 1500 रुपये की राशि से अपने लिए आवश्यक सामग्री खरीदेगी। उन्होंने कहा कि बहनों के लाड़ले भइया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन करने के लिए सुनीला ने मुख्यमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद दिया है।

## जिले में औसत वर्षा 706 मि.मी. दर्ज

### कुसमी में सर्वाधिक वर्षा

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 10 अगस्त को सीधी जिले में 49.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 11.0 मि.मी., चुरहट में 74.0 मि.मी., गोपद बनास में 41.2 मि.मी., सिहावल में 51.6 मि.मी., बहरी में 75.4 मि.मी., मझौली में 16.0 मि.मी. और कुसमी में 80.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 706 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 10 अगस्त तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 908.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 776.2, चुरहट में 622.8, गोपद बनास में 663.2, सिहावल में 680.8, बहरी में 647.2 और मझौली में 644.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 468.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 237.9 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## 22 जुलाई से सावन महीने के प्रत्येक दिवस ओम नमः शिवाय का जाप का आयोजन

### शहर के गणमान्य नागरिकों एवं मंदिरों में प्रारंभ किया गया

**सीधी।** 22 जुलाई से ओम नमः शिवाय का जाप निरंतर 19 अगस्त रक्षाबंधन तक जारी रहेगा इसी बीच 5 अगस्त को गोपाल दास मंदिर में विशाल रुद्राभिषेक का भाव आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिंदू महासंघ के साथ-साथ शहर के गढ़ मान्य नागरिक रुद्राभिषेक में पूरी निष्ठा एवं भक्ति भाव से भाग लिए उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है रुद्राभिषेक में भाग लेने वाले दान बहादुर सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीधी जिवेन्द्र सिंह जय बहादुर सिंह बृजेश सिंह अंशुमान सिंह राजभर साहू राजेश साहू संजय शुक्ला विनय सिंह अजय सिंह आनंद बहादुर सिंह विक्रम सिंह विमल सिंह अभिषेक शुक्ला गणेश साहू प्रमोद सिंह विष्णु सिंह प्रदीप सिंह संजय सिंह रविंद्र सिंह केके तिवारी जितेंद्र सिंह रामराज चौरसिया राजेश सिंह अशोक मिश्रा पुष्पा सिंह सुनीता सिंह गिरी सिंह जगन्नाथ सिंह वीरभान साहू राजेश गुप्ता सोमेश्वर साहू रजनीश गौतम अरुणेंद्र त्रिपाठी संजय गुप्ता पप्पू नामदेव शुभम सिंह विपिन सिंह परिहार अतुल शर्मा अनूप द्विवेदी मनीष तिवारी संत बहादुर सिंह के साथ रिशु सिंह नरेश सिंह देवेश प्रताप सिंह दरबार के साथ आचार्य श्री लखन जी महाराज एवं अनुराग सिंह वी अयोध्या धाम से पधारे हुए संतो द्वारा विशाल 12 ज्योतिर्लिंग पर रुद्राभिषेक एवं भंडारे पर समस्त कार्यकर्ताओं ने भाग लेने वाले अतिथियों का विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह आएंगे सीधी, कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग के संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत 10 अगस्त को देर रात सीधी पहुंच रहे हैं। 11 अगस्त को स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में आयोजित तिरंगा यात्रा के साथ-साथ पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## पुलिस अधीक्षक से सेवा कार्यों के संबंध में भारत स्काउट गाइड का शिष्ट मंडल मिला



**सीधी।** भारत स्काउट गाइड का शिष्ट मंडल पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा से मिलकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेवा के कार्यों में भारत स्काउट गाइड की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा, साथ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। भारत स्काउट गाइड के शिष्य मंडल में भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे, जिला आयुक्त गाइड डॉ श्वेता सिंह, सचिव हरिशंकर पाण्डेय और स्काउट आदेश पटेल, अमन गुप्ता, गाइड वर्षा सिह चौहान, साक्षी वर्मा सामिल रहे। विषय प्रतिवेदन रखते हुए भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ मिश्रा ने कहा कि वार्षिक कैलेंडर के अनुसार भारत स्काउट गाइड के स्काउटर और गाइडर सेवा के कार्य में शामिल होते हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा इस प्रकार के किसी भी अभियान में भारत स्काउट गाइड के दल को अभियान का हिस्सा बनाया जा सकता है। जिससे छात्र एवं छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा और राष्ट्र के प्रति उनकी सहभागिता बढ़ेगी।

## गरीब और कमजोर वर्गों को विधिक सहायता का लाभ प्राप्त हो : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

### जिला न्यायालय में हुआ पैरालीगल वॉलेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सीधी।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में शनिवार 10 अगस्त को जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन में पैरालीगल वॉलेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश, श्री शोभना मीणा प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा पैरालीगल वॉलेंटियर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन सत्र में तहसील विधिक सेवा समिति चुरहट, मझौली, एवं रामपुर नैकिन के पैरालीगल वॉलेंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश अत्याचार निवारण श्रीमती रमा जयंत मित्तल एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि गरीब और कमजोर वर्गों को विधिक सहायता का लाभ प्राप्त हो। इसके



साथ ही श्री पाण्डेय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

विशेष न्यायाधीश अत्याचार निवारण सीधी श्रीमती रमा जयंत मित्तल ने कहा कि पैरालीगल वॉलेंटियर्स यह सुनिश्चित करेंगे कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित समस्त जनहितैषी योजनाओं की जानकारी समाज के अंन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुचें। पैरालिगल वालेंटियर्स द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति को संविधान में निहित मौलिक आधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी जावेगी। जिला न्यायाधीश तथा सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी के द्वारा विभिन्न लोक अदालत, विधिक साक्षरता शिविर, विधिक सलाह योजना, म.प्र. पीड़ित प्रतिकर योजना एवं नालसा की अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी दी गई। श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश ने उपस्थित पैरालीगल वॉलेंटियर्स को संविधान की प्रस्तावना, संविधान में प्रदत्त मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य की जानकारी दी। सुश्री उर्मिला यादव तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के द्वारा महिलाओं से संबंधित कानून, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एकट 1971, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं एवं बालकों के सुरक्षा से संबंधित कानून की जानकारी दी गई। श्रीमती शोभना मीणा प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के उद्देश्य कार्य एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम, अपराध विधि गिरफ्तारी, जमानत अभियुक्त के अधिकार, भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता से संबंधित प्रावधान, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, भरण-पोषण विनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रत्येक पैरालीगल वॉलेंटियर्स अपने क्षेत्र में 05-05 पौधे लगाये जाने एवं निसर्ग ऐप में अपलोड किये जाने हेतु प्रेरित किया।

## संपादकीय

### बांग्लादेश में अंतरिम सरकार गठित

बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होने और देश छोड़ने के बाद नेतृत्वहीनता जैसी स्थिति से गुजर रहे बांग्लादेश में एक ऐसी सरकार बन गई, जिस पर देश को उथलपुथल के इस दौर से निकाल कर वहां शांति व्यवस्था और सामान्य स्थिति कायम करने की जिम्मेदारी है।मोहम्मद यूनुस दुनिया के 32वें नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, जिन पर किसी देश को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी आन पड़ी। यह बांग्लादेश के लोगों के बीच उनकी विश्वसनीयता का सबूत है कि जो लोग छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे, उनकी ओर से उनका नाम इस जिम्मेदारी के लिए सुझाया गया। इसके पीछे कुछ भूमिका इस तथ्य की भी होगी कि वह अर्से से हसीना सरकार के निशाने पर रहे हैं। इसके बावजूद कि गरीबों को छोटे-छोटे लोन देकर उन्हें गरीबी से निकालने का उनका आइडिया न केवल बांग्लादेश में सफल रहा बल्कि उसकी तर्ज पर ग्रामीण बैंक का प्रयोग करीब 100 अन्य देशों में चलाया जा रहा है।इसमें दो राय नहीं कि व्यक्तिगत तौर पर मोहम्मद यूनुस उदार और आधुनिक विचारों वाले शख्स हैं जिनकी प्राथमिकता विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की होगी। लेकिन असल सवाल यह है कि अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर उनके हाथों में कितनी ताकत रहती है। आखिर उन्हें सेना, राष्ट्रपति और जमात और बीएनपी जैसी राजनीतिक ताकतों की ओर से डाले जा रहे दबावों के बीच काम करना होगा। हसीना सरकार के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन को आखिरी पलों में जिस प्रकार भारत विरोधी और सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई, उससे साफ है कि वहां भारत विरोधी और कट्टरपंथी ताकतें मौके की ताक में बैठी हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर विपक्ष का मौन

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

बांग्लादेश के 27 जिलों में घरों में घुसकर हिंदुओं के साथ मारपीट की जा रही है। हिंदुओं के घरों में आग लगाई जा रही और उनकी दुकानें लूटी जा रही है। हिंदुओं का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा है। मंदिरों को आग के हवाले किया जा रहा है।

बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफा देकर भागने के बाद देश के अंदर हिंदुओं के ऊपर अत्याचार शुरू हो गया है। बांग्लादेश में जगह-जगह पर हिंदू मंदिरों और हिंदू समुदाय पर हमले की खबरें आ रही हैं। बांग्लादेश से आ रही रिपोर्ट से पता चलता है कि हिंदुओं के घरों और मंदिरों को निशाना बनाया गया है। इस्कॉन और काली मंदिर पर हमले हुए हैं, जिसके बाद हिंदुओं को जान बचाने के लिए छिपना पड़ा है। मोदी सरकार पूरे मामले में पर नजर बनाए हुए हैं। लेकिन इन सबके बीच विपक्ष का बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, लूटपाट और हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों पर एक शब्द न बोलना कई प्रश्न खड़े करता है।

बांग्लादेश में एक हिंदू संगठन ने दावा किया है कि शेख हसीना के हटने के बाद से सैकड़ों हिंदू घरों, प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर हमले किए गए। बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी में करीब 8 फीसदी हिंदू हैं और उन्होंने ऐतिहासिक रूप से शेख हसीना की आवामी लीग पार्टी को सपोर्ट किया है, जो मुख्य रूप से धर्मनिरपेक्ष के रूप में जानी जाती है। इसके उलट विपक्षी गठबंधन में एक कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी शामिल है।

बांग्लादेश के 27 जिलों में घरों में घुसकर हिंदुओं के साथ मारपीट की जा रही है। हिंदुओं के घरों में आग लगाई जा रही और उनकी दुकानें लूटी जा रही है। हिंदुओं का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा है। मंदिरों को आग के हवाले किया जा रहा है। हिंसा की आग में जल रहे बांग्लादेश में जगह-जगह धुआं उठ रहा है। हिंदुओं की बस्तियों में चीख-पुकार मची है। पूरे देश में दंगाइयों ने आतंक का तांडव मचा दिया है। दंगाइयों ने बांग्लादेश के खुलना डिवीजन में एक इस्कॉन मंदिर को फूंक दिया। एक काली मंदिर में भी तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी।

हिंदुओं पर हो रहे हमले और अत्याचार की घटनाओं के बाद भी विपक्ष ने बेशर्मी का चोला धारण कर रखा है। इंडी गठबंधन के किसी एक भी नेता ने हिंदुओं पर हो रहे हमले की खुलकर निंदा नहीं की। उलटे इन राजनीतिक दलों के समर्थक और सोशल मीडिया की टीमें ऐसे संदेश लगातार प्रसासित और प्रचारित कर रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें फर्जी हैं। ऐसी खबरें तो देश की जनता को भड़काने के लिए स्वयं हिंदूवादी संगठन फैला रहे हैं। बेशर्मी की हद तक इनकी राजनीति गिर चुकी है।

वहीं बांग्लादेश में तखता पलट की घटना के बाद से ही सोशल मीडिया पर ऐसे मैसेज की बाढ़ सी आ गई, जिसमें धमकी भरे अंदाज में समझाया गया कि देश की जनता तानाशाह का तख्तापलट कर देती हैं। डरा नहीं रहा हूं, बस बता रहा हूं। इस पूरे मामले में देश की सबसे पुराने और




सबसे ज्यादा शासन करने वाले दल कांग्रेस की चुप्पी हैरानी से ज्यादा चिंता का विषय है। 2024 के चुनाव में जिस तरह कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल दलों ने मुस्लिम तुष्टिकरण को हवा दी,उससे आने वाले समय में हिंदुओं की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।

इंडी गठबंधन के किसी भी नेता ने यहां तक कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी तक ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर एक शब्द बोला और सोशल मीडिया पर लिखा नहीं। मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दल और नेता हिंदुओं से जुड़े हर मुद्दे पर प्रायः चुप्पी साध लेते हैं। बांग्लादेश में जो भीड़ अत्याचार कर रही है, वो मुस्लिम है। उनके निशाने पर हिंदू जनता और उनके मंदिर, दुकान और घर हैं। बावजूद इसके बड़ी बेशर्मी से ऐसे दलों के चेहते पत्रकार, यू ट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मुस्लिम आतंकियों, दहशतगर्दों और हिंसक भीड़ का समर्थन करते दिखाई देते हैं। इन आतंकियों, उपद्रवियों और गिरी मानसिकता वाली भीड़ को आंदोलनकारी साबित करने में जुटे हैं। वैसे भी इनके लिए आतंकी साहब, मासूम और राह भटके हुए युवा ही होते हैं।

पड़ोसी देश पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी दशकों से हिंदू समुदाय के खिलाफ उत्पीड़न जारी है, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश में हिंदू आबादी में तेजी से कमी आई है। 1971 में 22 प्रतिशत से घटकर 2022 में हिंदू आबादी 7.9 प्रतिशत हो गई है।

पिछले कुछ वर्षों में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ बलात्कार, हत्या, हिंदू धार्मिक संस्थानों पर हमले, जमीन हड़पना, जबरन मतांतरण एक सामान्य घटना बन गई थी। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो वर्ष 2022 में बांग्लादेश में इस्लामवादियों द्वारा 154 हिंदू लोगों की हत्या कर दी गई और 424 हिंदू लोगों को इस्लामिक बदमाशों द्वारा मारने का प्रयास किया गया। इसी अवधि के दौरान 849 लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई और उन हमलों में 360 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें से 62 लोग अब भी लापता हैं।

इसी साल बांग्लादेश में 39 हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और 27 हिंदू महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। 17 हिंदू महिलाओं की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई और 55 अन्य महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार करने का प्रयास किया गया। बांग्लादेश में 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2022 के दौरान 152 हिंदू महिलाओं को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया।

बात वर्ष 2021 की करें तो इस वर्ष भी बांग्लादेश में 46 हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया, और 411 से अधिक हिंदू महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई। 32 हिंदू लोगों को कट्टरपंथियों द्वारा गोमांस खाने के लिए मजबूर किया गया और उसी वर्ष 252 हिंदुओं को मार दिया गया।

बांग्लादेश हो या फिर पाकिस्तान कहीं भी हिंदुओं के साथ अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण, मंदिरों पर हमले और लूटपाट की किसी भी घटना पर विपक्ष की जुबान बंद ही रहती है। मुस्लिम व्यक्ति का नाम अपराधी, आतंकी और उपद्रवी के तौर पर सामने आते ही कांग्रेस समेत मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले तमाम राजनीतिक दलों और नेताओं को सांप सूंघ जाता है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिल में हिंदुओं के प्रति कितनी नफरत भरी है, यह एक नहीं, कई बार उजागर हुआ है। यह तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा ही है कि वे हिंदुओं के लिए बार-बार अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें भला-बुरा कहते हैं और हिंसक बताते हैं। यहां तक कि हिंदू देवी-देवताओं का अपमान तक करते हैं। पहले राहुल गांधी ने शक्ति का संहार करने की बात कही थी और अब धन की देवी लक्ष्मी और ज्ञान की देवी सरस्वती जिस कमल पर विराजती हैं, उसके बारे में ही संसद में अनाप-शनाप बोला।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अपने पूर्वी पड़ोसी मित्र देश बांग्लादेश में उपद्रव और राजनीतिक अस्थिरता भारत के लिए नई चुनौती बन गया है। वहीं विपक्ष की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति, हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी चिंता का गंभीर विषय है। देश की जनता को ऐसे राजनीतिक दलों और नेताओं को समर्थन और वोट देने से पहले ये विचार करना चाहिए कि ये नेता सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं। इतिहास साक्षी है कि ऐसे लोग किसी के सगे नहीं होते। सत्ता के लिए ये किसी भी विचारधारा के साथ खड़े हो सकते हैं। इनके लिए मानवता, संवेदना, अपनापन, भाईचारा और भावकुता सब राजनीतिक नफे नुकसान के हिसाब से तय और प्रदर्शित होता है। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार)

# मनु भाकर की उपलब्धि पर है पूरे देश को गर्व, लौटाया शूटिंग का स्वर्णिम दौर

(योगेश कुमार गोयल)

ओलंपिक में मनु ने अपना पहला पदक 28 जुलाई 2024 को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के महिला वर्ग में जीता था। उस शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में पदक हासिल करने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी।

पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन भारत का प्रत्येक व्यक्ति ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक जीतने की पक्की उम्मीदें लगाए बैठा था और ये उम्मीदें टिकी थी भारत की 'मिरेकल गर्ल' मनु भाकर पर। पूरी उम्मीद थी कि 'मिरेकल गर्ल' मनु भाकर ओलंपिक में अपनी ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी करते हुए इस स्पर्धा में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में कामयाब हो सकती हैं लेकिन इस बार वह पदक जीतने से थोड़ा सा चूक गई और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में 40 में से 28 शॉट्स लगाने के साथ चौथे स्थान पर रही और इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में मेडल की हैट्रिक लगाने का उनका सपना भी अधूरा रह गया। दरअसल तीसरे और चौथे स्थान के शूटर के बराबर प्वाइंट थे। इसके बाद मनु और हंगरी की मेजर वेरोनिका के बीच शूटऑफ हुआ, जिसमें मनु केवल तीन निशाने ही लगा पाई जबकि हंगरी की शूटर ने चार बार टारगेट को हिट किया और उसी के साथ मनु पदक की रेस से बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक के आठवें दिन मनु का लक्ष्य ओलंपिक में एक नया इतिहास रचना था लेकिन वह पदक हासिल करने से मामूली सी पीछे रह गई। वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में हार के बाद मनु का कहना था कि उनके ऊपर इस इवेंट को लेकर काफी दबाव था। हालांकि 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मिली इस हार के बावजूद भारत की इस इकलौती निशानेबाज ने वो खुशियां और गर्व के पल देश को दिए हैं, जिसकी ओलंपिक शुरू होने के समय तक शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।



मनु ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक में तीन अलग-अलग शूटिंग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया और तीनों में ही उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया। 3 अगस्त को जब मनु वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में खेलने उतरी तो हर नजर उन्हीं के प्रदर्शन पर केंद्रित थी। भले ही वह यह मुकाबला हार गई लेकिन कुल तीन शूटिंग स्पर्धाओं में से उन्होंने अपने जोश और जज्बे के साथ दो में कांस्य पदक जीतकर भारत में शूटिंग के सुनहरे दौर को वापस लाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मनु की ही बदौलत भारत ने पहली बार शूटिंग में किसी एक ओलंपिक सीजन में तीन मेडल हासिल किए हैं। विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धाओं में अनेक पदक जीतने के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर मनु ने ऐसा अविस्मरणीय इतिहास रचा, जो उनके अलावा ओलंपिक के 124 वर्षों के इतिहास में अब तक भारत का कोई भी अन्य दएथलीट नहीं कर पाया। पेरिस ओलंपिक में मनु ने जिस तरह का जबरदस्त प्रदर्शन किया और अपने मैचों के दौरान जिस प्रकार का 'धाकड़' खेल दिखाया, उसी के कारण उन्हें अब मनु भाकर के साथ-साथ 'मनु धाकड़' भी कहा जाने लगा है।

मनु से पहले कोई भी पुरुष या महिला एथलीट एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने में सफल नहीं हुआ है। देश की आजादी से बहुत पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 में आयोजित हुए ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में कुल दो रजत पदक जीतकर एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया था और उम्मीद थी कि मनु 124 साल पुराने उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकती हैं लेकिन 'मिरेकल गर्ल' मनु भाकर की ओलंपिक में ऐतिहासिक हैट्रिक पूरी नहीं हो पाई। हालांकि पहला कांस्य पदक जीतने के साथ ही वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शूटर बन गई थी और उस पदक के साथ ही मनु ने शूटिंग में भारत के पदक के 12 वर्ष के सूखे को भी खत्म किया था। मनु से पहले 2012 के लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में एक-एक पदक जीते थे। ओलंपिक के 124 वर्ष के इतिहास में मनु से पहले भारत को शूटिंग में केवल 4 पदक ही नसीब हुए थे जबकि भारत केवल इसी ओलंपिक में मनु के दो पदकों सहित कुल 3 पदक जीत चुका है। शूटिंग में 2004 के एथेंस ओलंपिक में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रजत पदक जीता था, उसके बाद 2008 के बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण पदक भारत के नाम किया और 2012 के लंदन ओलंपिक में विजय कुमार ने रजत और गगन नारंग ने कांस्य पदक जीता था।

ओलंपिक में मनु ने अपना पहला पदक 28 जुलाई 2024 को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के महिला वर्ग में जीता था। उस शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में पदक हासिल करने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी। उसके बाद 30 जुलाई को मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता और उस जीत के साथ ही वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई थी। एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर वह सुशील कुमार और पीवी सिंधु को भी पीछे छोड़ चुकी हैं।

## वर्ग पहेली 5458

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | ■ | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | 19 | ■ | 20 | | ■ |
| 21 | | ■ | | ■ | 22 | | ■ |
| ■ | 23 | | ■ | 24 | | | ■ |

संकेतः बाएं से दाएं

1. इस द्वीप समूह की राजधानी माले है (4)
4. सर्वाधिक लंबी तटीय सीमा इस महाद्वीप की है (3)
6. दुलारा लड़का, प्यारा बालक (3)
7. पश्चिमी अफ्रीका देश घाना की यह राजधानी है (3)
8. वाक्य का अपभ्रंश, बोलने की इंद्रिय (2)
9. झापड़, थप्पड़ (3)
11. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
13. नदी का पुल्लिंग (2)
15. लालायित होना, वांछित वस्तु का प्राप्त न होना (4)
17. इस देश का भी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त है (1971)(4)
20. शरीर, वस्त्र आदि पर जमी गर्द, धूल आदि (2)
21. फौज का दस्ता (2)
22. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
23. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु (2)
24. खूबसूरत, प्रियदर्शन, रूपवान (3)

ऊपर से नीचे

1. लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
2. प्रबल अभिलाषित होना (4)
3. दयनीय दशा वाला, गरीब, दरिद्र (2)
4. राजेंद्र सिंह बेदी का इस कृति पर फिल्म निर्माण हो चुका है (8)
5. रक्तवाहिनी, नलिका, नस (2)
7. धरोहर, थाती (4)
10. मध्य यूरोप के देश ऑस्ट्रिया की यह राजधानी है (3)
12. उत्तरप्रदेश के कुछक्षेत्रों में खिचड़ी को यह भी कहते है (3)
14. जाकिर हुसैन का नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा (3)
16. इस सुपर स्टार की जन्म स्थली इंदौर है (4)
18. भेड़ या बकरी का बच्चा, मेष राशि (3)
19. लाभ, मुनाफा (2)

### वर्ग पहेली 5457 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | क | पि | ल | दे | व |
| म | ह | ल | ■ | टा | ट | ■ | च |
| ■ | क | क | ह | रा | ■ | स | न |
| ली | ■ | वा | र | ■ | न | ■ | ■ |
| मा | य | ■ | ता | र | कै | श्व | र |
| ■ | मा | त | लि | ■ | ल | ■ | ह |
| प्या | सा | ■ | का | शी | ■ | या | म |
| र | न | वे | ■ | ला | य | क | ■ |

# विनेश के ये रिकॉर्ड हमेशा रहेंगे याद, कुश्ती के दंगल में बनाए शानदार कीर्तिमान

(रितिका कमठान)

विनेश फोगाट सबसे पहले र?ियो ओलंपिक 2016 में दिखी थी। इसके बाद उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा विनेश की झोली में कुल तीन कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल है। इसके अलावा वो दो वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ड मेडल जीत चुकी है।

ओलंपिक में डिसक्वालिफाई होने के बाद विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। भले ही उन्होंने आवेश में आकर ये फैसला लिया है मगर वो कई ऐसी कीर्तिमान बना गई है जिन्हें आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। महिला पहलवानों के लिए इन रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल है। विनेश फोगाट भले ही मेडल ना जीत सकी हों मगर वो देश के बेहतरीन पहलवानों की सूची में शीर्ष पर जरुर काबिज है।

बता दें कि विनेश फोगाट सबसे पहले र?ियो ओलंपिक 2016 में दिखी थी। इसके बाद उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा विनेश की झोली में कुल तीन कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल है। इसके अलावा वो दो वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ड मेडल जीत चुकी है। एक एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। वह 2021 में एशियाई चैंपियन भी रहीं।

वह अपनी चचेरी बहन गीता फोगाट और बबीता कुमारी के पदचिन्हों पर चलती हैं और वह एक प्रसिद्ध कुश्ती परिवार से ताल्लुक रखती हैं तथा उनके चाचा महावीर सिंह फोगाट ने उन्हें बहुत कम उम्र में ही इस खेल से परिचित कराया था। शानदार जूनियर करियर के बाद, विनेश ने 2014 के



राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता, जिसमें उन्होंने 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस्तांबुल में ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट जीतकर रियो 2016 के लिए अपना कोटा स्थान पक्का कर लिया। लेकिन रियो में, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, पदक जीतने का उनका सपना टूट गया, क्योंकि मुकाबले के बीच में ही उनका दाहिना घुटना उखड़ गया।

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य साथ देगा और आपके अंदर एक विशेष आकर्षण रहेगा। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको अपने पिता के आशीर्वाद से तरक्की मिलेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। शाम के समय माता को शारीरिक कष्ट होने से आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

### वृषभ
आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आजीविका के क्षेत्र में आपका अनुभव काम आएगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। मेहनत करने पर आपको कुछ नया हासिल होगा।

### मिथुन
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपके लिए ऑफिस का माहौल भी खुशनुमा रहेगा। आपके ऑफिस का माहौल अच्छा रहेगा और आपके काम में सुधार होने से बॉस की तरफ से तारीफ के बोल सुनने को मिलेंगे। आपका काम करने का मन करेगा और सफलता प्राप्त होगी।

### कर्क
आज थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है, वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। करियर के मामले में कोई फैसला न करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। कोई रिस्क न लें, वरना आपकी हानि हो सकती है।

### सिंह
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपका दिन काफी मेहनत से भरा होगा और आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आपको सेहत के मामले में लाभ होगा। मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। आप बस इन पर फोकस करें।

### कन्या
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से खुशी होगी। यदि आपके पास समय की कमी है तो आपके अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी। आप पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने काम करें।

### तुला
आज दिन शुभ है। नौकरी में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी आ सकता है। सावधान रहें और बाहरी लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। कामधंधे को निवेश बढ़ाना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको सभी कार्य में सकारात्मक मिलने से मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। किसी निर्णय के परिणाम आपके हित में आ सकते हैं। दूसरों के द्वारा परोपकार करना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

### धनु
आज दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपका दिन सफलता में बीतेगा। कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने के शुभ योग बन रहे हैं। किसी विवाह योग्य परिवार के सदस्य की रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आदर सत्कार से आपको लाभ होगा। घर की साफ सफाई का भी ध्यान रखें तो आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा। मित्रों के साथ किसी कारण से तनाव हो सकता है। आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति भी आपको लाभ देगा। आपके जीवन में शुभ समाचार आएंगे और आपके पूरे घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। करियर के मामले में आपको लाभ होगा और आपको शुभ अवसर आ सकते हैं।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपका दिन मानसिक परेशानी और थकान वाला हो सकता है। बुरे लोगों की संगत से बचें तो आप फायदे में रहेंगे। मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आपको पैसों के मामले में किसी प्रकार का रिस्क लेने की जरूरत नहीं है।

### मीन
आज करियर को लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है। इस मामले में सावधान रहें और किसी की बात पर यकीन न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 महीने बाद आजादी की सुबह की पहली चाय : मनीष सिसोदिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को 17 महीने के बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। जेल से रिहा होने के बाद सिसोदिया ने शनिवार सुबह एक तस्वीर शेयर की। वह अपनी पत्नी के साथ चाय पीते हुए नजर आए। मनीष सिसोदिया ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- आजादी की सुबह की पहली चाय, 17 महीने बाद। वह आजादी जो संविधान ने हम सब भारतीयों को जीने के अधिकार की गारंटी के रूप में दी है। वह आजादी जो ईश्वर ने हमें सबके साथ खुली हवा में सांस लेने के लिए दी है। इससे पहले शुक्रवार (9 अगस्त) को तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सीएम अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल और उनके माता-पिता से मुलाकात की थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वो तिहाड़ से सीधे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। इस दौरान मनीष सिसोदिया से मिलकर सुनीता केजरीवाल भावुक हो उठीं। मनीष सिसोदिया ने सीएम अरविंद केजरीवाल के माता-पिता का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्रियों और विधायकों से भी मुलाकात की और उनके बीच काफी देर तक अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य और अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके बाद मनीष सिसोदिया अपने घर पहुंचे और अपनी पत्नी व सास से मिलकर भावुक हो गए। इस मौके पर सांसद संजय सिंह, सांसद डॉ. संदीप पाठक, मंत्री आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक, आदिल खां समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया 17 महीने से शराब नीति घोटाले के आरोप में जेल में बंद थे।

### बीजापुर में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, दो पर घोषित था कुल 16 लाख रुपए का इनाम





**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में तीन नक्सलियों ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन तीन में से दो नक्सलियों के सिर पर कुल 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि तीन नक्सलियों रमेश फरसा (24), महिला नक्सली मनकी माड़वी (22) और लक्ष्मण पोटाम (22) ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि नक्सली रमेश फरसा और मनकी माड़वी के सिर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की विकास विरोधी भेदभाव पूर्ण नीति, उपेक्षा और जीवन शैली से नाराज होकर आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला और अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत 25-25 रुपये हजार प्रदान किए गए। साथ ही उन्हें अन्य सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक 145 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल 326 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गरीब और वंचितों को मिलनी चाहिए आरक्षण, बोले- किरोड़ी लाल

**जयपुर, एजेंसी।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा ने आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अब गरीब और वंचितों को आरक्षण की मलाई मिलनी चाहिए। दौसा के नांगल प्यारीवास में आदिवासी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के बीच स्पष्ट शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की व्याख्या की। मंत्री मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला यदि लागू होता है तो यह समाज के गरीब तबके के लोगों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि वो खुद विधायक हैं और मंत्री बन चुके हैं। यहां तक कि सांसद भी रह चुके हैं और तो और पहले डॉक्टर भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका भाई भी अफसर रह चुका है और भतीजा विधायक है। फिर भी वो गरीबों को इसका लाभ नहीं मिलने दें तो ये अच्छा नहीं होगा। नेताओं के पेट में हो रहा दर्द उन्होंने कहा कि नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। एससी-एसटी के नेता समाज को भ्रमित और गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय समाज के हित में नहीं होगा, लेकिन उन्होंने मन से कहा कि वो हनुमान जी की तरह सीना चीर कर तो नही दिखा सकते हैं। वहीं, उन्होंने पपलाज माता और अपनी मां की कसम खा कर कहा कि आरक्षण से कभी छेड़छाड़ नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला समाज के गरीब लोगों के हित में होगा। किरोड़ीलाल मीणा ने साफ शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के फ सले को समाज के गरीबों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि जिनको आरक्षण का फायदा मिल गया है। उन्हें अब इसका फायदा नहीं मिलना चाहिए। अब आरक्षण का लाभ वंचितों को मिलना चाहिए।

# 900 किलोमीटर की 8 नई रेल लाइन बिछाने को मोदी सरकार ने दी मंजूरी, बिहार को मिली बड़ी सौगात





**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने करीब 900 किलोमीटर की 8 नई रेलवे लाइन बिछाने की एक महत्वाकांक्षी योजना को आज मंजूरी दे दी है जो पूर्वी भारत में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने एवं रोजगार सृजित करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की इन आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी जिनकी कुल अनुमानित लागत 24,657 करोड़ रुपए है। ये परियोजनाएं पांच से छह साल में पूरी करने का लक्ष्य है। रेल, सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नई लाइन के प्रस्ताव सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे और गतिशीलता में सुधार करेंगे, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता मिलेगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। वैष्णव ने कहा कि सात राज्यों यानी ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के 14 जिलों को कवर करने वाली आठ परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 900 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इन परियोजनाओं के साथ 64 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जो लगभग छह (6) आकांक्षी जिलों (पूर्वी सिंहभूम, भदाद्रीकोठागुडेम, मलकानगिरी, कालाहांडी, नबरंगपुर, रायगढ़ा) तथा 510 गांव और करीब 40 लाख आबादी को कनेक्टिविटी देगी। रेल मंत्री ने कहा कि यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल अजंता गुफाएं भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ेंगी, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। ये कृषि उत्पाद, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, स्टील, सीमेंट, बॉक्साइट, चूना पत्थर, एल्यूमीनियम पाउडर, ग्रेनाइट, गिट्टी, कंटेनर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। 143 एमटीपीए (प्रति वर्ष मिलियन टन)। पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का माध्यम होने के कारण, रेलवे जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (32.20 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन (0.87 मिलियन टन) को कम करने में मदद करेगा, जो 3.5 करोड़ पेड़ के वृक्षारोपण के बराबर है। इन रेल परियोजनाओं में ओडिशा में रायगढ़ जिले में गुनुपुर-थेरुबली (नई लाइन) 73.62 किलोमीटर, कालाहांडी और नबरंगपुर जिलों में जूनागढ़-नबरंगपुर 116.21 किलोमीटर, क्योंझर और मयूरभंज जिलों में बादामपहाड़-कंदुझारगढ़ 82.06 किलोमीटर, मयूरभंज जिले में बंग्रिपोसी - गोरुमाहिसानी 85.60 किलोमीटर, मलकानगिरी, पूर्वी गोदावरी और भद्राद्रिकोठागुडेम जिलों में मल्कानगिरि - पांडुरंगपुरम (भद्राचलम के माध्यम से) 173.61 किलोमीटर, पूर्वी सिंहभूम, झाड़ग्राम और मयूरभंज जिलों में बुरामारा-चाकुलिया 59.96 किलोमीटर, बिहार में बिक्रमशिला- कटारिया 26.23 किलोमीटर (गंगा पुल सहित) शामिल हैं।

### राज्यसभा में जगदीप धनखड़ से नाराज विपक्ष, हटाने को नोटिस देने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कथित तौर पर पक्षपात पूर्ण रवैये से नाराज विपक्ष उन्हें पद के हटाने का प्रस्ताव लाने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार विपक्ष उनके खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 67 के तहत नोटिस दे सकता है। उप राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए इस नोटिस पर 87 सांसदों ने हस्ताक्षर भी किए हैं। कांग्रेस सांसद अजय माकन ने कहा कि सभी विकल्प खुले हैं। सूत्रों का कहना है कि अनुच्छेद 67 (बी) के तहत उपराष्ट्रपति को राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित और लोकसभा के सहमति प्रस्ताव के जरिए हटाया जा सकता है। इस खंड के प्रयोजन के लिए कोई भी प्रस्ताव तब तक सदन में पेश नहीं किया जा सकता है, जब तक कि प्रस्ताव पेश करने के इरादे से कम से कम 14 दिन का नोटिस न दिया गया हो। विपक्ष के एक सदस्य ने दावा किया कि दो दिन पहले राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को अनौपचारिक रूप से सूचित किया गया था कि विपक्ष उप राष्ट्रपति को हटाने के लिए एक प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार संसद की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के बाद विपक्ष अब संसद के अगले सत्र में नोटिस दे सकता है। ताकि, उसके 14 दिन बाद प्रस्ताव पेश कर सके।

### रायपुर महापौर का भाई और आईटीएस अधिकारी गिरफ्तार, शराब घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई




**रायपुर, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में रायपुर के महापौर व कांग्रेस के नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर और भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के एक निलंबित अधिकारी को दोबारा गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल इस मामले में अनवर ढेबर और नौकरशाह अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित ईडी की आईसीआईआर (प्राथमिकी) रद्द कर दी थी। इसके बाद एजेंसी ने नया मामला दर्ज किया था।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दोनों को इस मामले में गुरुवार को दोबारा गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद रायपुर की एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत ने उन्हें 14 अगस्त तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था, जब राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार थी। एजेंसी ने कहा है, छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के राजस्व को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट ने 2,100 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध धनराशि अर्जित की। एजेंसी के मुताबिक अनवर ढेबर वह दबंग व्यक्ति था जो राज्य के शीर्ष नौकरशाह व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा के साथ मिलकर शराब सिंडिकेट चलाता था। ईडी ने दावा किया है कि इन दोनों ने ही पूरे घोटाले की योजना बनाई और अनिल टुटेजा के प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अनवर ढेबर ने आबकारी विभाग में अपनी पसंद के अधिकारियों को नियुक्त किया और इस तरह वह वास्तविक आबकारी मंत्री बन गया।

### कांग्रेस नेत्री के बेटे को जिम में पकड़कर हिस्ट्रीशीटर ने छीनी कार, मांगी थी रंगदारी

**आगरा, एजेंसी।** आवास विकास कालोनी सेक्टर चार (जगदीशपुरा) निवासी कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश सचिव स्नेहलता का परिवार एक हिस्ट्रीशीटर की वजह से दहशत में है। हिस्ट्रीशीटर ने 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। रुपये न देने पर उनके बेटे को जिम में पकड़ लिया। उससे चाभी छीनी और कार लेकर भाग गया। घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जानकारी पर पुलिस ने मुकदमा लिखा है। पुलिस को कार मिल गई है। हिस्ट्रीशीटर की तलाश है। घटना गुरुवार की शाम की है। स्नेहलता का छोटा बेटा अनंत आवास विकास कालोनी में ही जिम गया था। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर कपाला उर्फ शिवम पटेल ने 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। उन्होंने नहीं दी। हिस्ट्रीशीटर ने जिम में अनंत को पकड़ लिया। उसे धमकाया। कार की चाभी छीन ली। कार लेकर भाग गया। हिस्ट्रीशीटर के जिम में आने और कार लेकर जाने की घटना सीसीटीवी में कैद है। फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। 20 हजार लेकर बताते थे लड़का पैदा होगा या लड़की, पुलिस ने गैंग का किया भंडाफोड़ इंस्पेक्टर जगदीशपुर आनंदवीर सिंह ने बताया कि तहरीर पर छिनैती की धारा के तहत मुकदमा लिखा गया है। कपाला उर्फ शिवम जगदीशपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

# किसानों को शंभू बॉर्डर पर रोकने वाले पुलिसवालों को नहीं मिलेगा वीरता पुरस्कार, केंद्र ने हाईकोर्ट में दी जानकारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 13 व 14 फरवरी 2024 को शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच को तैयार खड़े किसानों को रोकने वाले हरियाणा के पुलिस अधिकारियों को वीरता पुरस्कार नहीं मिलेगा। वीरता पुरस्कार के लिए इन अधिकारियों के नामों की सिफारिश देरी से करने के कारण केंद्र सरकार ने वीरता पुरस्कार देने में असमर्थता जताई। इसके बाद पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के इस कारण को मानते याचिका को रद्द कर दिया है।

**किसानों ने किया था पुरस्कार देने का विरोध :** किसान यूनियन की तरफ से इन अधिकारियों को वीरता पुरस्कार दिए जाने का विरोध किया गया था। उन्होंने हाईकोर्ट से इस मामले में याचिका को रद्द करने की मांग की थी। जिस पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी और याचिका को खारिज कर दिया गया है। इस मामले को लेकर वकीलों की यूनियन लॉयर्स फॉर ह्यूमैनिटी नाम के वकीलों की एक यूनियन ने भी हरियाणा सरकार के नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की थी। नोटिफिकेशन में सरकार ने 6 पुलिस अधिकारियों के नामों की सिफारिश वीरता पुरस्कार के लिए की थी। पंजाब सरकार ने भी जताया था ऐतराज, पीएम को लिखा था पत्र शंभू बॉर्डर पर किसानों को रोकने वाले हरियाणा के पुलिस अफसरों को बहादुरी पुरस्कार देने की सिफारिशों पर पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने आपत्ति जताई थी। स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने प्रधानमंत्री को किसानों को शंभू बॉर्डर पर आगे बढ़ने से रोकने में शामिल पुलिस अधिकारियों के लिए बहादुरी के पुरस्कारों की सिफारिशों पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे अपने पत्र में संधवां ने कहा कि वह हरियाणा के डीजीपी द्वारा शंभू बॉर्डर पर किसानों के मार्च को रोकने में शामिल छह पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बहादुरी के पुरस्कार देने की सिफारिश पर चिंता और निंदा करते हैं। संधवां ने कहा था कि देश के किसानों द्वारा दिए गए योगदान के लिए वह मान-सम्मान के हकदार है, इसके लिए उनके साथ किसी भी तरह की बेरुखी और बेइंसाफी न की जाए। केंन्द्रीय गृह मंत्रालय ने उठाए थे सवाल हरियाणा के पांच पुलिस अधिकारियों को वीरता पुरस्कार दिलाने के प्रस्ताव पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सवाल उठाए हैं। मंत्रालय ने हरियाणा के गृह विभाग को भेजे पत्र में कहा कि ऑनलाइन जमा किए गए आवेदनों के साथ सभी जरूरी जानकारी नहीं दी गई है। न ही गोलीबारी का विवरण और आंदोलनकारियों के खिलाफ आपराधिक मामलों की स्थिति अपलोड नहीं की गई है। मंत्रालय ने कहा कि हरियाणा पुलिस के साथ केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कर्मी भी तैनात थे, लेकिन सरकार ने उनके लिए कोई सिफारिश नहीं की है। हरियाणा सरकार ने केंद्र को जिन पुलिस अधिकारियों के नाम की सिफारिश पुरस्कार के लिए की थी उनमें आईजी शिबास कविराज, करनाल के पूर्व एसपी जशनदीप सिंह रंधावा, जींद के एसपी सुमित कुमार, डीएसपी नरेंद्र कुमार, राम कुमार और अमित बत्रा का नाम शामिल है।

# विपक्षी गठबंधन के सर्वे ने चौंकाया- महाराष्ट्र में 165 सीटें जीत सकता है एमवीए




**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), और एनसीपी (शरद पवार) के गठबंधन को 165 सीटें जीतने का अनुमान है। विपक्षी गठबंधन सहयोगियों द्वारा यह सर्वेक्षण राज्य विधानसभा चुनाव से लगभग तीन महीने पहले किया गया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि एमवीए को राज्य में लगभग 165 सीटें मिलेंगी। हालांकि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगियों को मुंबई, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र में अच्छा खासा लाभ मिलने का अनुमान है। एक अखबार ने एक सीनियर कांग्रेस सदस्य के हवाले से लिखा, हमने लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 48 में से 31 सीटें जीतीं। यह कुल 48 सीटों का लगभग 65 प्रतिशत है। हम विधानसभा चुनावों में भी यही औसत बनाए रखना चाहेंगे, जिससे हमें लगभग 188 सीटें मिलेंगी। हमारा प्रारंभिक आकलन बताता है कि हम लगभग 165 सीटें जीतेंगे। यह एक अच्छी संख्या है, लेकिन फिर भी हम इस साल के अंत में होने वाले वास्तविक चुनावों में अपनी संख्या में सुधार करना चाहेंगे। महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए कम से कम 144 विधानसभा सीटों की आवश्यकता है। लोकसभा चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित कांग्रेस, एनसीपी (एससीपी) और शिवसेना (यूबीटी) का गठबंधन अब विधानसभा चुनावों में भी यही प्रदर्शन दोहराने की कोशिश कर रहा है। राज्य में दिवाली के आसपास चुनाव होने की उम्मीद है। रणनीति तय करते समय एमवीए भागीदारों की सामूहिक बैठक में गठबंधन सहयोगियों ने आकलन के लिए राज्य को सात क्षेत्रों में बांटा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एमवीए सदस्यों के अनुसार, नागपुर, अमरावती, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्रों में गठबंधन का पलड़ा भारी है। एनसीपी (एससीपी) के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा, गठबंधन सहयोगियों में कांग्रेस नागपुर और अमरावती क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। मराठवाड़ा भी गठबंधन के लिए अनुकूल दिख रहा है, जहां कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) का अच्छा समर्थन है। पश्चिमी महाराष्ट्र में गठबंधन एनसीपी (एससीपी) पर निर्भर है। जहां चार क्षेत्र एमवीए के लिए अनुकूल दिख रहे हैं, तो वहीं आकलन से पता चलता है कि लोकसभा चुनावों में औसत से कम नतीजों के बावजूद महायुति मुंबई, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र के क्षेत्रों में हावी है। एमवीए के आकलन से पता चलता है कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी का गठबंधन अभी भी इन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए हुए है।

### यूपी में खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार उठा रही कदम : सीएम योगी



**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। गोरखनाथ मंदिर के मेला परिसर में नागपंचमी के अवसर पर दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसके पुरस्कार वितरण समारोह को सीएम योगी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखने का माध्यम तो है ही, सरकार की खेल और खिलाड़ियों के हित में बनाई गई नीति से यह भविष्य संवारने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सरकार यूपी पुलिस के साथ ही अन्य सरकारी विभागों में बड़े पैमाने पर नौकरी दे रही है। सीएम ने कहा, सरकार खेल और खिलाड़ियों के हित में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर रही है। साथ ही खिलाड़ियों को पुरस्कार, नियुक्ति और भरपूर आर्थिक सहायता देकर उन्हें प्रोत्साहित भी करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे खिलाड़ी खेल को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर संभव मदद देकर खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने पेरिस ओलंपिक का जिक्र करते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में रजत पदक जीतकर और हॉकी टीम ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक में पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2020 के टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली हॉकी टीम का यूपी सरकार ने लखनऊ में सम्मान किया था। हॉकी टीम के ओलंपिक खिलाड़ी, यूपी के ललित उपाध्याय को यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी पद पर नियुक्ति दी गई है। ललित कुमार ने इस बार भी ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया है। यूपी के ही खिलाड़ी राजकुमार ने कांस्य पदक के मुकाबले में अपने शानदार प्रदर्शन से स्पेन को हराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने बताया कि खिलाड़ियों को यूपी में सम्मानजनक सरकारी नौकरी दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय,कुश्ती में दिव्या काकरान और जुडो में विजय कुमार को नायब तहसीलदार, नौकायन में पुनीत कुमार, एथलेटिक्स में प्राची को जिला युवा कल्याण अधिकारी और अर्जुन को परिवहन विभाग में यात्री एवं माल कर अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया है।

# शिमला हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से छोड़ा जाएगा पानी, प्रशासन ने डेट बता जारी किया अलर्ट



**शिमला, एजेंसी।** शिमला के रामपुर स्थित नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन से 11 अगस्त यानी रविवार को भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाएगा। इससे पहले से उफान पर चल रही सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ जाएगा। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतलुज नदी से दूरी बनाए रखने की अपील की है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने शुक्रवार को बताया कि नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन रामपुर के उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) द्वारा अपस्ट्रीम पावर स्टेशन 1000 मेगावाट करछम वांगटू एचपीएस और 300 मेगावाट बसपा की निर्धारित फ्लशिंग 11 अगस्त को की जाएगी। रात्रि 12 बजे से सायं 04 बजे तक नाथपा बांध से 1000 क्यूमेक से 1500 क्यूमेक तक पानी छोड़ा जाएगा। जलाशय के फ्लशिंग की अहम योजनाबद्ध गतिविधि के चलते लोगों से 11 अगस्त को नदी के किनारों के पास न जाने की अपील की गई है। इसके साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को नदी किनारे वाले क्षेत्र में जनता की पर्याप्त सुरक्षा के उपाय और जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सतलुज नदी से निर्धारित दूरी बनाने के लिए सभी ग्रामीण प्रयास करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए 94180-11368, 94180-27568 और 94180-02520 पर संपर्क करने कर सकते है।

**त्रासदी के बाद 15 शव बरामद, 21 लापता :** प्रदेश में भारी वर्षा से नदी-नाले उफान पर हैं। पिछले दिनों कुल्लू जिला के निरमंड उमण्डल स्थित श्रीखंड की चोटी पर बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बादल फटने से आए सैलाब ने शिमला और कुल्लू जिलों में तबाही मचा दी थी। सबसे ज्यादा नुकसान रामपुर के समेज में हुआ। समेज में आये सैलाब में लापता लोगों की तलाश जारी है। बचाव दलों ने शुक्रवार को तलाशी अभियान के नौवें दिन पांच शव बरामद किये हैं। इनमें चार शव सुन्नी डैम के समीप डोगरी क्षेत्र और एक शव रामपुर के नोगली से बरामद हुआ है। इनमें एक शव की ही शिनाख्त हो पाई है, वहीं अन्य शवों की क्षत-विक्षत अवस्था में होने की वजह से शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे के बाद अब तक 15 शव बरामद हुए हैं और 21 लापता लोगों की तलाश की जा रही है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शुक्रवार को बताया कि समेज त्रासदी के बाद से चल रहे सर्च ऑपरेशन के नौवें दिन आज सुबह सुन्नी डैम के नजदीक दोघरी क्षेत्र में चार शव बरामद हुए है। प्रथम दृष्टया में दो शव पुरुषों के हैं और एक लड़की का शव है, जिसकी उम्र 14 से 15 साल बताई जा रही है। इसके साथ ही एक अन्य शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। यह भी प्रथम दृष्टया में महिला का शव है। उन्होंने बताया कि रामपुर के नोगली में एक महिला शव बरामद हुआ है।

# जेंडर विवाद के बीच ईमान खलीफा ने जीता गोल्ड

## ● बायोलॉजिकल मेल होने लगा था आरोप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अल्जीरिया की महिला बॉक्सर ईमान खलीफा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में गोल्ड मेडल जीत लिया है. बीते शुक्रवार को ईमान खलीफा ने वुमेंस 66 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड अपने नाम किया. अल्जीरिया की महिला बॉक्सर जेंडर विवाद को लेकर खूब चर्चाओं में रहीं. ईमान खलीफा पर यहां तक बायोलॉजिकल मेल होने का भी आरोप लगाया गया. ईमान ने चीन की यांग लियू के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गोल्ड मेडल जीता. हालांकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी का मानना था कि वह उनके मानकों पर खरी उतरती हैं, जिसके चलते उन्हें प्रतियोगिता में हिस्सा लेने दिया गया.

ईमान ने अंतत-गोल्ड मेडल जीता. लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि ईमान के खिलाफ अलग-अलग मैचों में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग देशों की महिला बॉक्सर ने आवाज़ उठाई थी.

ईमान खलीफा ने 16वें राउंड का मैच इटली की बॉक्सर एंजेला कैरिनी के खिलाफ खेला था. ईमान खलीफा के सामने इटली बॉक्सर ने कुछ सेकेंड में ही मुकाबला छोड़ दिया था और वह रिंग से बाहर चली गई थीं. इसक बाद ईमान खलीफा ने फाइनल तक अपने सभी मैच एक तरफा जीते. क्वार्टर फाइनल में ईमान खलीफा का भिड़ंत हंगरी की ल्यूका अन्ना हामारी से हुई थी. इस मैच में ईमान खलीफा ने 5-0 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. फिर सेमीफाइनल में अल्जीरिया की बॉक्सर ने थाईलैंड की जंजेम सुवानाफेंग को 5-0 से दी शिकस्त दी थी.

### फाइनल में भी एकतरफा हासिल की जीत

सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज करने वाली ईमान खलीफा ने फाइनल में भी एकतरफा जीत हासिल की. गोल्ड मेडल के लिए खेले गए फाइनल में ईमान ने चीन की यांग लियू को 5-0 से हराया. इस तरह उन्होंने विवादों के बीच पेरिस ओलंपिक में गोल्ड जीता. गौरतलब है कि ईमान खलीफा को 2023 में हुई वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था. एलिजिबिलिटी मानदंडो को पूरा करने में नाकाम साबित हुई थीं, जिसके चलते उन्हें बाहर होना पड़ा था.

पेरिस ओलपंपिक

## पेरिस ओलंपिक में ट्रैक साइक्लिंग महिला स्प्रिंट में बना नया विश्व रिकॉर्ड



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक साइकिलिंग में महिलाओं के स्प्रिंट इवेंट में जर्मनी की ली फ्रेडरिक ने शुक्रवार को नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। फ्रेडरिक ने क्वालीफिकेशन राउंड में 200 मीटर की दूरी सिर्फ 10.029 सेकंड में पूरी की। इससे पहले न्यूजीलैंड की एलेस एंड्रयूज ने पांच मिनट पहले ही 10.117 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन फ्रेडरिक ने इसे तोड़ दिया। ब्रिटेन की विश्व चैंपियन एम्मा फिनुकेन भी एंड्रयूज से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.067 सेकंड में दूरी तय की और क्वालीफिकेशन में दूसरा सबसे तेज समय दर्ज किया।

इसके अलावा, चीन की बाओ शानजू 10.744 सेकंड के समय के साथ हेड-टू-हेड रेस के पहले राउंड के लिए क्वालीफाई किया।पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इससे पहले 9 अगस्त को ही पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी भाला फेंक प्रतियोगिता में सबसे लंबी थ्रो फेंकने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

नदीम ने अपने अंतिम प्रयास में 91.79 मीटर के एक और शानदार थ्रो के साथ इस इवेंट का समापन किया। इससे पहले यह ओलंपिक रिकॉर्ड डेनमार्क के एंड्रियास थोर्किल्डसेन के नाम था, जिन्होंने 2008 बीजिंग में 90.57 मीटर का थ्रो किया था। पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता में ओवरऑल विश्व रिकॉर्ड जान जेलेजनी के नाम है, जिन्होंने 98.48 मीटर के थ्रो के साथ कमाल किया था।

# कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय हॉकी टीम

## ढोल-नगाड़ों से दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को स्वदेश लौट आई। दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों से भव्य स्वागत हुआ। भारतीय खिलाड़ियों के इंतजार में फैंस सुबह से ही एयरपोर्ट के बाहर जमा हो गए थे।

भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने वापसी के बाद दिल्ली एयरपोर्ट के बाहर जमकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की थापों पर सब जमकर थिरके और पदक जीतने की खुशी मनाई। इस दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने पीआर श्रीजेश के समापन समारोह में ध्वजवाहक चुने जाने पर बात की।

उन्होंने कहा, ÷वह (पीआर श्रीजेश) इसके हकदार थे (ओलंपिक के समापन समारोह में ध्वजवाहक बनने के लिए)। अगर भारत सरकार और भारतीय ओलंपिक समिति ने उन्हें यह अवसर दिया है, तो हॉकी इंडिया उनका शुक्रिया अदा करता है... यह एक शानदार जीत थी, लगातार दो पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन, हमारा लक्ष्य फाइनल खेलना था, लेकिन रेफरी की गलती से अमित रोहिदास को बाहर बैठाने की वजह से हमें हार का सामना करना पड़ा और इसलिए हम कांस्य पदक के साथ यहां हैं, अन्यथा पदक का रंग बदल दिया जाता। भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का पदक का सूखा समाप्त किया था और मनप्रीत सिंह की अगुआई में कांस्य पदक जीता था। पेरिस में भारत ने अपने पदक को बरकरार रखा। भारत ने कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन को 2-1 से हरा दिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारत को जर्मनी के हाथों 3-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने 1980 में मॉस्को ओलंपिक के बाद से इन खेलों में अब तक स्वर्ण नहीं जीता है। ओलंपिक में जिस खेल में भारत को सबसे ज्यादा सफलता मिली है वो हॉकी ही है। भारत अब तक हॉकी में कुल 13 पदक जीत चुका है जिसमें आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।



## राजस्थान के कोच बन सकते हैं राहुल द्रविड़, श्रीलंकाई दिग्गज को कर सकते हैं रिप्लेस




**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जिताने के बाद राहुल द्रविड़ हेड कोच की जिम्मेदारी से मुक्त हो चुके हैं। द्रविड़ की जगह गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए कोच की भूमिका संभाल रहे हैं। ऐसे में राहुल द्रविड़ के IPL में वापसी के संकेत मिल रहे हैं। दरअसल, इंग्लैंड के व्हाइट बॉल टीम के कोच के लिए राजस्थान रॉयल्स के मौजूदा कोच कुमार संगकारा का नाम खबरों में चल रहा है। अगर संगकारा इंग्लैंड टीम से जुड़ते हैं तो द्रविड़ राजस्थान टीम के कोच के लिए प्रबल दावेदार हो सकते हैं। द्रविड़ इससे पहले भी राजस्थान रॉयल्स के कोच रह चुके हैं।


संगकारा से हाल ही में इंग्लैंड मीडिया ने इंग्लैंड टीम से जुड़ने को लेकर सवाल किया था और उन्होंने इस बात को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया, हालांकि उन्होंने कहा कि वह रॉयल्स के साथ सहज हैं। उन्होंने कहा, ठीक है, मुझे पता है कि मेरा नाम चल रहा है, लेकिन मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड के कोच के लिए किसी के लिए भी एक रोमांचक संभावना है, लेकिन वहां बहुत सारे अच्छे उम्मीदवार हैं। मैं इस समय बहुत खुश हूं। राजस्थान रॉयल्स का अनुभव बहुत संतोषजनक रहा है और यह एक ऐसी नौकरी है जिसका मैंने पिछले चार वर्षों में वास्तव में आनंद लिया है। संगकारा को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मैनेजिंग डॉयरेक्टर रॉब की का करीबी माना जाता है। इसके अलावा, रॉयल्स में संगकारा और इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर के बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। यही वजह है कि संगकारा अगर भविष्य में इंग्लैंड की लिमिटेड ओवर टीम के कोच बनते हैं तो किसी को कोई हैरानी नहीं होगी। ईसीबी ने कहा कि पिछले कोच मैथ्यू मॉट के हाल ही में पद छोड़ने के बाद चयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

# नदीम को अपने लोगों ने ही परेशान कर दिया, पाकिस्तानी एम्बेसी में गजब हो गया !

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर अरशद नदीम इस वक्त पाकिस्तान के हीरो बन चुके हैं. हर कोई उनसे मिलना चाह रहा है. उनके साथ सेल्फी लेना चा रहा है, उनका इंटरव्यू करना चाह रहा है. रातों रात वो एक बड़े स्टार हो गए हैं. इसके बावजूद पेरिस में वो बेबस नजर आए. उनके अपने लोगों ने ही इतना परेशान कर दिया कि वो कुछ नहीं कर पाए और घंटों इंतजार करना पड़ा. पेरिस में मौजूद पाकिस्तानी एम्बेसी में उनके साथ जो कुछ भी हुआ वो हैरान कर देने वाला है. अपने स्टार एथलीट के साथ ऐसा सलूक शायद सिर्फ पाकिस्तान ही कर सकता है. आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या हो गया. तो आइये आपको बताते हैं कि पूरा मामला क्या है.

### पेरिस में मजबूर नजर आए अरशद

पाकिस्तान को ओलंपिक में मेडल जीते हुए 32 साल हो गए थे. वहीं गोल्ड मेडल को 40 साल बीत चुके थे. इससे पहले 1992 के बार्सिलोना ओलंपिक में पाकिस्तान ने ब्रॉन्ज और 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में गोल्ड जीता था. इस सूखे को अब अरशद नदीम ने खत्म किया है. उन्होंने ना सिर्फ गोल्ड मेडल जीता बल्कि जैवलिन थ्रो के फाइनल में 92.97 मीटर के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड भी बनाया. इसके बाद से ही पूरे पाकिस्तान में उनके नाम की गूंज है. हालांकि, इसके बावजूद उन्हें पेरिस में परेशान होना पड़ा है. पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अरशद नदीम को पेरिस में मौजूद पाकिस्तानी एम्बेसी में घंटों तक बैठाकर रखा गया. वो पूरी तरह से थक चुके थे और उन्हें जरा भी रुकने का मन नहीं था. फिर भी पाकिस्तान की एम्बेसी ने उन्हें वहां से निकालने के बजाय सेल्फी और तस्वीरों के लिए घंटों इंतजार करवाया.




### अरशद के गांव में सड़क तक नहीं

अरशद नदीम पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मियां चुन्नू में रहते हैं. उनके गांव में ना तो पक्की सड़क है और ना ही कोई सुविधाएं हैं. वहीं उनके पिता मिस्त्री हैं और लोगों के घरों की मरम्मत करते हैं. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान की सरकार अपने स्टार खिलाड़ी को किस तरह की सुविधा दे रही थी. इतना ही नहीं ओलंपिक से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें तैयारी के लिए केवल 10 लाख रुपए की मदद की थी. और, मेडल जीतने के साथ इस तस्वीर को शेयर भी कर दिया, जिसके बाद वो जमकर ट्रोल हुए.

## मिस्र पहलवान अलसायेद यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**पेरिस, एजेंसी।** कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था। मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने आए मिस्र के एक पहलवान को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के अभियोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक के कार्यालय के एक बयान के अनुसार एक 26 वर्षीय एथलीट को पेरिस कैफे के बाहर एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के कारण शुक्रवार सुबह हिरासत में लिया गया था। कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया था, लेकिन यह कहा गया कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था।



मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि उस पहलवान का नाम अलसायेद है और मिस्र ओलंपिक समिति ने भी इसकी पुष्टि की।

# युवा, गरीब, महिलाओ और किसानों के हित का बजट : मुकेश

## मोदी सरकार के नए बजट में देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट को लेकर 8 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने स्थानीय लव कुश वाटिका में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया की केंद्रीय बजट पर प्रदेश के भाजपा उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने केंद्रीय बजट में देश की जनता को दी गई सौगातो तथा मध्य प्रदेश को बजट में मिली प्राथमिकता को साझा करते हुए प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह देश, देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों और समाज के हर वर्ग को ताकत देगा। बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार ने देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प जताया है।

बजट 2024-2025 के तहत मध्यप्रदेश को केंद्रीय करो में 98000 करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 11203 करोड़ रुपये अधिक है।

चार जातियों युवा, गरीब, महिलाओ और किसानों के हित का बजट श्री सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी जिन चार जातियों युवा, महिला, गरीब और किसानों की बात करते हैं, नए बजट में उनके सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। बजट में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. जो महिला विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। युवाओं से संबंधित रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी 5 योजनाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। 5 सालों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। देश में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये के लोन का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा युवाओं को पहली जॉब पर 15 हजार रुपए सीधे ईपीएफओ अकाउंट में मिलेंगे। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.53 लाख करोड़ रूपये का




प्रावधान किया गया है। 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। 32 फसलों के लिए 109 नई किस्में लाई जाएंगी तथा दलहन एवं तिलहन के उत्पादन पर जोर दिया जाएगा। बजट में 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉर्मिंग से जोड़े जाने का प्रावधान किया गया है। गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए नए बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकान बनाने की घोषणा की गई है। जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की जाएगी। इससे 63 हजार गांवों में 5 करोड़ आदिवासी भाईयों-बहनों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि नए बजट में देश में अधोसंरचना के विकास के साथ देश के बहुआयामी विकास पर जोर दिया गया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.28 करोड़ से अधिक पंजीकरण किए गए हैं और 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह योजना ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

श्री सिंह ने कहा कि नया बजट विकसित भारत के विराट संकल्प की पूर्ति के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब भारत को अगले तीन साल में 5 ट्रिलियन और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है, जिसकी पूर्ति में आज का बजट काफी कारगार सिद्ध होगा। मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से पिछले 10 वर्षों में भारत के लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। बजट 2024-25 ने अमृतकाल का ब्लू प्रिंट प्रस्तुत किया है। सभी के सपनों को पूरा करने वाले इस बजट में देश को समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने पर खास ध्यान दिया गया है। बजट अंतिम पंक्ति में खड़े आदमी के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि समाज के हर वर्ग की बेहतरी को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नए बजट में मोदी सरकार की नौ प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। बजट में कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बहुआयामी बजट में पूरा ध्यान दिया गया है। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। यह बजट विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन का एक बहुत बड़ा हब है। ऐसे में केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों का लाभ मध्यप्रदेश को मिलना तय है। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने समग्र विकास की एक रूपरेखा तैयार की और केंद्रीय बजट में मध्य प्रदेश को मिली बड़ी सौगात और बड़े बजट के माध्यम से मध्य प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी श्री उमेश शुक्ला जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीणा राज्य जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संतोष यादव पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी प्रदेश से मीडिया प्रभारी श्री आशीष तिवारी और जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे उपस्थित थे।

# शिक्षा पोर्टल के माध्यम से 20 प्रकार की छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन

**पन्ना।** प्रदेश में समेकित छात्रवृत्ति योजना, जिसमें 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग के एमपी टॉस पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति नियत समय पर हो सके, इसके लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। शिक्षा पोर्टल पर सत्र प्रारंभ होने से ही सभी शासकीय और प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों का नामांकन कार्य तेजी से किया जा रहा है। शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से किये जाने के निर्देश विद्यालयों को दिये गये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि विद्यार्थियों का प्रोफाइल अपडेशन प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अनिवार्य रूप से किया जाये। प्रोफाइल में दर्ज जानकारी के अनुसार ही विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाता है। प्रोफाइल अपडेट करने की सुविधा शिक्षकों की यूनिक आईडी एवं बीआरसीसी स्तर पर प्रदाय किये गये यूजर पर दी गई है। शालाओं से कहा गया है कि अपडेशन कार्य में विद्यार्थियों के मोबाईल नंबर और बैंक एकाउंट की गहनता से जांच कर प्रविष्टी की जाये।

त्रुटि होने की दशा में असफल भुगतान की स्थिति निर्मित होती है, जिससे विद्यार्थियों और उनके पालकों को दिक्कतों का समाना करना पढ़ता है। सभी शालाओं को प्रोफाइल अपडेशन और स्वीकृति का कार्य इस वर्ष 24 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से किये जाने के लिये कहा गया है।

# नीति आयोग द्वारा की गई संपूर्णता अभियान की समीक्षा

**पन्ना।** भारत सरकार के नीति आयोग के सीईओ द्वारा गुरूवार को आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए संपूर्णता अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, जपं अजयगढ़ के सीईओ सतीश नागवंशी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिले के आकांक्षी ब्लॉक अजयगढ़ में भी निर्धारित समयावधि में तय गतिविधियों का आयोजन कर लक्ष्यपूर्ति के लिए निर्देशित किया गया।

# नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर को

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक

**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भावना साधौ ने गुरूवार को लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार सहित



विशेष न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीशद्वय अयाज मोहम्मद एवं इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित बड़के, इकरा मिनिहाज व प्रीतम शाह एवं प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता आर्य एवं तनिष्का वैष्णव भी उपस्थित रहीं।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा आगामी माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही लोक अदालत में राजीनामा के लिए अधिकतम प्रकरणों को रखकर और पक्षकारों को सूचना पत्र जारी कर प्री-सिटिंग बैठक आयोजित करने एवं मामलों के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# कमिश्नर ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को पन्ना तहसील कार्यालय एवं तहसीलदार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण और राजस्व महाअभियान 2.0 की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज समस्त प्रकरणों को समयावधि में निराकृत करने और महाअभियान अंतर्गत समग्र ई-केवायसी कार्य एवं नागरिक सेवाओं संबंधी समस्त कार्यों में




रूचि लेकर पात्र लोगों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील कार्यालय के अभिलेखों व पंजियों का अवलोकन कर सभी दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही आमजनों को राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाओं के प्रदाय संबंधी जानकारी भी ली। संभागायुक्त डॉ. रावत ने पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दहलान चौकी में पहुंचकर पौधरोपण किया। साथ ही यहां उपस्थित ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्रामवासियों को प्रदत्त विभागीय योजनाओं के लाभ व अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने कमिश्नर डॉ. रावत को प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय में प्रारंभ की गई जनसुनवाई कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। संभागायुक्त द्वारा स्थानीय स्तर पर शुरू की गई जनसुनवाई व्यवस्था की सराहना की गई। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राजस्व सागर संभाग विनय द्विवेदी सहित तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में छात्र परिषद का गठन

**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में आज छात्र परिषद का अलंकरण समारोह मनाया गया। विद्यालय समिति द्वारा छात्र परिषद में विद्यालय स्तर पर नवनियुक्त कप्तान, उप कप्तान एवं खेल कप्तान का चयन किया गया तथा विद्यालय में चार हाउस का गठन भी किया गया। शिवाजी हाउस, टैगोर हाउस, अशोका हाउस एवं रमन हाउस में सभी विद्यार्थियों को विभाजित कर प्रत्येक हाउस के लिए एक शिक्षक को हाउस मास्टर बनाया गया।



समारोह में विद्यालय के सभी हाउस के पदाधिकारियों को बैज तथा स्लेस प्रदान किए गए। सभी हाउस में हाउस कप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान, सीसीए कप्तान, प्रकाशन मंत्री, अनुशासन प्रभारी आदि का चयन किया गया तथा सभी हाउस के फ्लैग के साथ विद्यालय कप्तान आदित्य खरे ने शपथ दिलाई। विद्यालय कप्तान गर्ल्स निशी गोस्वामी ने सभी हाउस को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की समस्याओं को हम विद्यालय प्राचार्य तक पहुँचाने का कार्य करेंगे, जिससे विद्यालय में शैक्षणिक, खेल तथा पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों को सुचारू रूप से चलाया जा सके और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालयीन कार्यों में छात्र प्रतिनिधित्व, छात्र परिषद् व शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उन्नयन व विद्यालय के गौरववर्धन में भरसक प्रयास करने का वचन दिया गया। प्राचार्य अमित दाहिया ने छात्र परिषद् को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी विद्यार्थियों के नेतृत्व क्षमता को विकसित करने की पहली सीढ़ी है। विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से इस परिषद् का गठन किया जाता है। इसके माध्यम से भविष्य में अपने समाज, क्षेत्र तथा देश का नेतृत्व करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में शिवाजी हाउस मास्टर हृदेश शुक्ला, टैगोर हाउस मास्टर शैफाली गुप्ता, अशोका हाउस मास्टर प्रदीप पाण्डेय तथा रमन हाउस मास्टर हरिओम शरण शामिल रहे। विद्यालय उप कप्तान गर्ल्स रिद्धिमा साहू ने प्राचार्य तथा सभी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपेश चौधरी ने किया।

# विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र अभियान 12 अगस्त को

**पन्ना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार, 12 अगस्त को सुबह 9 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ किया जाना है। अभियान की सफलता के लिए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने पर देशव्यापी जनजागरूता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। अभियान के तहत समस्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर 12 अगस्त को शपथ ली जाएगी। कार्यक्रम के सुचारू कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां, विद्यालयों व महाविद्यालयों स्तरों पर परिचर्चा, प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक इत्यादि प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाएंगी। खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के आयोजन जैसे-नशाबंदी के विरूद्ध मैराथन दौड़ व विभिन्न खेल आयोजित किये जायेंगे। नशामुक्ति अभियान को समर्पित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा।

समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र-छात्राओं, युवा एवं महिलाओं को नशामुक्ति के विरूद्ध शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथियों के भाषण में नशा मुक्त भारत अभियान की प्रासंगिकता को भी सम्मिलित किया जायेगा।

# रक्षाबंधन कार्यक्रम सह महिला उद्यमी सम्मेलन 13 अगस्त को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 अगस्त को उद्यमी सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला उद्यमियों से संवाद करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाले इस कार्यक्रम में 500 से अधिक महिला उद्यमी बहनें शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ महिला उद्यमी अपने अनुभव भी साझा करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों को अनुदान भी वितरित करेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण क्षेत्रीय टीवी न्यूज चैनल और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर किया जायेगा।

महिला सशक्तिकरण के राज्य सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें सफल महिला स्टार्ट-अप के साथ महिला संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कई इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। महिला उद्यमी सम्मेलन में मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ वूमेन इंटरप्राइजेज, फिक्की, सीआईआई का इंडियन वूमेन नेटवर्क, लघु उद्योग भारती, डिक्की, बी.आई.सी.बी.आई., पीएचडी चेंबर, बीएनआई और आईएम स्टार्ट-अप संगठन की महिला उद्यमी और पदाधिकारी शामिल होंगे।

# प्रतिबंध के बाद भी बीच बस्ती में चंडी मां मंदिर के पास चल रही है हड्डी की अवैध फैक्ट्री

**सतना।** मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपी-पीसीबी) के सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी सिविल लाइंस थाना अंतर्गत इटौरा में सोहावल बायपास पर अवैध रूप से संचालित मेसर्स सोहावल बोन इंडस्ट्री (हड्डी फैक्ट्री) अब प्रभावित ग्रामीणों और चंडी माता मंदिर के श्रद्धालुओं के गुस्से की बड़ी वजह बन चुकी है।

दूर-दूर भीषण दुर्गंध से परेशान सोहावल और इटौरा बस्ती के गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि अगर फैक्ट्री सील कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो किसी भी अप्रिय घटना के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

# कलेक्टर ने छात्रावास एवं आश्रमों के निरीक्षण के लिए लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा विशिष्ट आवासीय संस्थाओं के छात्रावास व आश्रम निरीक्षण के संबंध में दिए गए निर्देशों के तहत जिले में संचालित 74 अनुसूचित जाति-जनजाति बालक एवं कन्या छात्रावास व आश्रमों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत 10, पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत 22, गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत 9, पवई विकासखण्ड अंतर्गत 15 और शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत 18 छात्रावास/आश्रमों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अजयगढ़, तहसीलदार अजयगढ़, जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़, ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी पन्ना, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शहरी पन्ना, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन पन्ना, प्राचार्य सीएम राइज स्कूल ककरहटी, नायब तहसीलदार ककरहटी, जिला परियोजना समन्वयक, उप संचालक कृषि, जिला कोषालय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना, तहसीलदार देवेन्द्रनगर, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पन्ना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना, तहसीलदार पन्ना, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुनौर, तहसीलदार अमानगंज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुनौर, तहसीलदार पवई, नायब तहसीलदार सिमरिया, प्राचार्य शासकीय उ.मा. विद्यालय मोहन्द्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई, नायब तहसीलदार कल्दा, तहसीलदार शाहनगर, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शाहनगर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहनगर, प्राचार्य शासकीय उ.मा. विद्यालय बघवारकलां, तहसीलदार रैपुरा, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शाहनगर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शाहनगर, नायब तहसीलदार बिसानी तथा प्राचार्य शासकीय उ.मा. विद्यालय मैन्हा की ड्यूटी निरीक्षण के लिए लगाई गई है।

जिला कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारियों को छात्रावास व आश्रमों में मुख्यत: भोजन, स्वास्थ्य, शैक्षणिक गतिविधि, खेलकूद, पारिवारिक एवं अन्य समस्या, जो विद्यार्थियों की दैनिक गतिविधियों एवं उनकी शिक्षा को प्रभावित करते हैं, का अवलोकन कर निरीक्षण टीप में उल्लेखित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विद्यार्थियों से चर्चा कर जरूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया है। अधिकारियों को विद्यार्थियों से उनकी रूचि व कैरियर संबंधी चर्चा करने और मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए काउंसलिंग कर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कहा गया है। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की छात्रावास गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित कर दिव्यांग विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर समस्याओं के समाधान के लिए अविलंब प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 11 अगस्त 2024 | 8


उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि रीवा में विकास के साथ-साथ भक्ति की भावना प्रवाहित हो रही है। राम दरबार द्वारा पचमठा में बीहर माँ की आरती की जा रही है जो पचमठा के भौतिक विकास को भव्यता प्रदान कर रही है।



## प्रदेश की बहनों को राखी के पहले ही मिल गया है रक्षाबंधन का उपहार

### रीवा जिले की 4.10 लाख लाड़ली बहनों के खाते में आया रक्षाबंधन का उपहार

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में भी लाड़ली बहना उत्सव मनाया गया। मुख्य समारोह नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को लाड़ली बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर स्नेह और आशीर्वाद दिया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। जिले की लाड़ली बहना योजना की 4.10 लाख बहनों के खाते में मासिक किश्त तथा 250 रुपए रक्षाबंधन के उपहार के रूप में अंतरित किए गए। समारोह में श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहना हितग्राहियों के खाते में 1897 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने उज्वला योजना



हितग्राहियों के खाते में 52 करोड़ रुपए तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 332 करोड़ रुपए वर्चुअल माध्यम से अंतरित किए। टाउनहाल में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी ने रक्षाबंधन के पहले ही लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का उपहार दे दिया है। लाड़ली बहना योजना की प्रत्येक बहन के खाते में 1250 रुपए की मासिक राशि के साथ रक्षाबंधन के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी गई है। हमारी सरकार महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्वनिधि योजना, युवा उद्यमी योजना सहित अन्य योजनाएं इस बात का प्रमाण हैं। लाड़ली बहना योजना से हर माह 1250 रुपए की राशि दी जा रही है। इससे महिलाओं की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी हो जाती हैं। उन्हें अपने काम के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता है। इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है साथ ही आर्थिक आत्मनिर्भरता मिली है। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने सभी को हर घर तिरंगा अभियान की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराता है तो हमारा सीना चौड़ा हो जाता है। हमारा तिरंगा देश की आजादी और राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। जिले भर में 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के साथ हर नागरिक अपने घर में शान से तिरंगा लहराए। अपने घरों में तिरंगा लहराकर राष्ट्र वंदना और आजादी के पर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। अपने घर में तिरंगा लहराकर अपना और देश का सम्मान बढ़ाएं। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। उप मुख्यमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में नगर निगम परिसर के श्रीआर पार्क में पौधे रोपित किए। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता माझी, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, श्री राजेश पाण्डेय, पार्षद श्रीमती ज्योति सिंह, पार्षद श्री दीनानाथ वर्मा, श्री दारा सिंह, श्री अम्बुज रजक, पूर्व पार्षद सतीश सिंह, उपायुक्त नगर निगम रूपाली द्विवेदी, प्रभारी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनिल जैन तथा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## कटे-फटे होठ का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन, जाँच के लिए शिविर 12 को

**रीवा।** कटे-फटे होठ एवं जन्मजात विकृति से ग्रस्त बच्चों को निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए निःशुल्क जाँच एवं उपचार शिविर 12 अगस्त को जिला चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में जबलपुर के दुबे सर्जिकल हास्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर बच्चों की जाँच करेंगे। शिविर में कटे-फटे होठ, तालू अथवा अन्य जन्मजात विकृति से ग्रस्त बच्चों का चयन होने पर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी। शिविर का लाभ उठाने के लिए मोबाइल नम्बर 9926004216 विष्णु प्रताप सिंह राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से संपर्क किया जा सकता है।

## छात्रावासों के निरीक्षण के लिए 17 अधिकारी तैनात

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग द्वारा छात्रावास एवं आश्रम शालाएं संचालित हैं। इनमें पात्र विद्यार्थियों को आवास, भोजन, पठन-पाठन, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की निःशुल्क सुविधा दी जाती है। छात्रावासों की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए 17 अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिला रोजगार अधिकारी अनिल दुबे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा, सहायक कोषालय अधिकारी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रीवा तथा प्राचार्य शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा को तैनात किया गया है। इसी तरह परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती मीना शर्मा, प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर प्रभाकर तिवारी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन केएल अहिरवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डभौरा, परियोजना अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास हनुमना तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना को तैनात किया गया है। तैनात अधिकारियों को छात्रावास तथा आश्रमों की पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य निर्धारित बिन्दुओं पर निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की 12 अगस्त को समीक्षा

**रीवा।** रीवा में अक्टूबर माह में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रीवा और शहडोल संभाग में औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन के प्रयासों पर विचार मंथन किया जाएगा। कमिश्नर बीएस जामोद 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## नगर पंचायत के वार्ड पार्षद चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**रीवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय के रिक्त पदों के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में नगर परिषद सिरमौर में केवल वार्ड क्रमांक चार में पार्षद पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। चुनाव की सूचना का प्रकाशन 21 अगस्त को जारी की जाएगी। इसी दिन स्थानों के आरक्षण की सूचना तथा मतदान केन्द्रों की सूची का भी प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 28 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 29 अगस्त को की जाएगी। उम्मीदवार 31 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की सूची तैयार कर उन्हें चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 11 सितम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। मतगणना तथा चुनाव परिणामों की घोषणा 13 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से की जाएगी।

## कमिश्नर 12 अगस्त को करेंगे विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 12 अगस्त को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग पीआईयू, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर दोपहर 2 बजे से आयोजित बैठक मां जल संसाधन, पीएचई, जल निगम सेतु निगम तथा हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## विकास के साथ भक्ति की भावना प्रवाहित हो रही है : शुक्ल

### पचमठा में राम दरबार द्वारा आयोजित सुंदरकांड के सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा में विकास के साथ-साथ भक्ति की भावना प्रवाहित हो रही है। राम दरबार द्वारा पचमठा में बीहर माँ की आरती की जा रही है जो पचमठा के भौतिक विकास को भव्यता प्रदान कर रही है। श्री शुक्ल पचमठा में राम दरबार द्वारा आयोजित सुंदरकाण्ड के सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा पूजा-अर्चना की।

पचमठा में राम दरबार द्वारा किए जा रहे बीहर आरती के 201 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक सुंदरकाण्ड के गायन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री



श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा का विकास भगवान एवं माँ भगवती के शुभ आशीर्वाद से ही संभव हो सका है। रीवा में पचमठा व रिवर फ्रंट के विकास से राम दरबार द्वारा स्वप्रेरणा से माँ बीहर की आरती प्रारंभ की गई। जो ऐसी भक्ति भावना जाग्रत कर रही है जिसमें सभी लोग एक साथ आरती के कार्यक्रम में शामिल होते हैं। उन्होंने राम दरबार के सदस्यों द्वारा एक ही वेशभूषा में सामूहिक सुंदरकाण्ड का गायन के अद्भुत आयोजन की सराहना की तथा कहा कि इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि माँ बीहर की भव्य आरती बनारस व चित्रकूट में होने वाली गंगा आरती के समकक्ष है जो पूर्ण भव्यता के साथ प्रतिदिन की जा रही है।

श्री शुक्ल ने इस अवसर पर सुंदरकाण्ड का गायन भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, आचार्य ब्राम्हचारी जी, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन तथा राम दरबार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण का लिया जायजा

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम क्षेत्र में जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे वृक्षारोपण का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब में जल संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि तालाब के चारों ओर सघन वृक्षारोपण कराएं। तालाब में पानी के आवक की ऐसी व्यवस्था करें कि वर्ष भर पर्याप्त पानी संचित रहे। तालाब में सौन्दर्यीकरण के कार्य प्राथमिकता



से करें। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय वन विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार पौधे रोपित कराएं। रोपित पौधों की उचित देखभाल और सुरक्षा का पूरा प्रबंध करें। रीवा शहर को सुंदर और हरा-भरा बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**रीवा।** जिले भर में 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि अभियान के तहत 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में नशामुक्ति रैली एवं शपथ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह 13 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्पोर्टस काम्पलेक्स से हर घर तिरंगा मैराथन दौड़ आरंभ होगी। इसमें खिलाड़ी, युवा तथा अन्य आमजन शामिल होंगे।

## जिले में अब तक 329 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 10 अगस्त को 28.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 66 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। इसके साथ-साथ तहसील रायपुर कर्चुलियान में 44 मिलीमीटर, मनगवां में 48 मिलीमीटर, जवा में 23 मिलीमीटर तथा त्योंथर में 20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 329 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 393 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 201.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 539 मिलीमीटर, सिरमौर में 360.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 183.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 259 मिलीमीटर, मनगवां में 460 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 236 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## कमिश्नर संभागीय बैठक में करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 13 अगस्त को सुबह 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ग्रामीण विकास विभाग तथा श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। संबंधित अधिकारियां को विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## इंदिरा नगर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**रीवा।** आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज उप सेवाकेंद्र इंदिरा नगर रीवा में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें वन मंडलाधिकारी श्री अनुपम शर्मा जी के हाथों द्वारा सबको एक-एक पौधा समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडलाधिकारी श्री अनुपम शर्मा जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके नम्रता ने किया।

तथा इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित नागरिक मातृ-शक्तियां भी उपस्थित रही। शेषमणि शुक्ला बीसी चौहान डॉ विकास श्रीवास्तव प्रताप श्रीवास्तव प्रकाश सिंह परिहार बलिराज सिंह एपी सिंह वीडियोग्राफर विकास सेन तथा उनकी टीम दीपक तिवारी गीता शुक्ला मनजीत रखड़ा किरण सिंह पुष्पा वर्मा गीता सिंह



अर्चना कुसुम रामवती सीता सुमन पुष्पाद्विवेदी आरती रीना रीता कलाकार भाई बहन आदि । वन मंडलाधिकारी श्री अनुपम शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण का आज जो आयोजन किया गया है बड़े हर्ष का विषय है और आज जो आपको एक पेड़ मां के नाम एक-एक पौधे मिलेंगे उसको आप अच्छी तरीके से रोपित करेंगे और साथ में उसकी पालना भी करेंगे। इसके अलावा जो पौधे आपके आसपास है जिनकी ग्रोथ रुकी है जिनको पालना की आवश्यकता है उनको भी आप गोद लेकर उनकी पूरी परवरिश करें तो आने वाले 50 वर्ष तक वह आपको ऑक्सीजन देते रहेंगे। आशा है कि आप सभी एक पेड़ मां के नाम एक पौधा जरूर गोद लेंगे ।

पौधा लगाने के साथ उनकी पूरी परवरिश भी करेंगे। इंदिरानगर उप सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नम्रता बहन जी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम यह जो अभियान लगातार चल रहे हैं यह हमारे जीवन के लिए बहुत कारगर सिद्ध होंगे। जब गर्मियों का समय था तो हमें पेड़ की छांव की कितनी आवश्यकता होती है पेड़ों के आसपास आज आने से हल्कापन खुशी प्रेम एक अलग ही सुकून महसूस होता है।

## मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के पहले ही लाड़ली बहनों को दिया 2281 करोड़ का उपहार

### जब बहनें भाईयों को राखी बांधेगी तो सरकार के माथे पर आशीर्वाद का तिलक लग जाएगा : मुख्यमंत्री

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना के 1.29 करोड़ बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1857 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के लिए बहनों के खाते में 250 रुपए की राशि प्रत्येक लाड़ली बहना के लिए भी जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से उज्वला योजना की 40 लाख बहनों को 52 करोड़ रुपए का अनुदान तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। प्रदेश भर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसमें करोड़ों बहनें शामिल हुईं। रीवा में नगर निगम के टाउनहाल में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता माझी, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े तथा बड़ी संख्या में बहनें इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। समारोह में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बहनों को संबोधित



करते हुए डॉ यादव ने कहा कि भाई और बहन का रिश्ता बहुत पवित्र होता है। रक्षाबंधन का धागा भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। माता और बहनों के आशीर्वाद से ही घर-परिवार सुखी बनता है। हमारे देश में हर त्यौहार सार्वजनिक उत्सव के रूप में मनाए जाते हैं। इससे त्यौहारों का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। प्रदेश भर में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर लाड़ली बहना हितग्राहियों का मुझे आशीर्वाद मिल रहा है। आज रक्षाबंधन से पहले ही बहनों के अपार स्नेह का पर्व रक्षाबंधन साकार हो गया है। जब 19 अगस्त को रक्षाबंधन में बहनें अपने भाईयों को राखी बांधकर तिलक करेंगी तो मेरी सरकार को भी मेरा स्नेह और आशीर्वाद मिल जाएगा। लाड़ली बहना योजना की 1250 रुपए की राशि के साथ आज बहनों को 250 रुपए रक्षाबंधन के लिए दिए जा रहे हैं। यह छोटी सी राशि महिला सशक्तिकरण का बड़ा प्रयास है।

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी। हमारे विरोधी कितना भी शोर मचायें लेकिन लाड़ली बहना और बहनों के कल्याण की अन्य योजनाएं बंद नहीं होंगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्वला योजना से गैस कनेक्शन दिए हैं।

आज उज्वला योजना के 40 लाख से अधिक हितग्राही बहनों को 52 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इन बहनों को केवल 450 रुपए में गैस सिलेण्डर रिफिल कराने की सुविधा दी जा रही है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833